

पीएम मोदी जब नासिक के कालाराम मंदिर गए तो वो भगवान के दर्शन करने के बाद वो बाल्टी और पोछा लेकर निकल पड़े।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 13 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## रामलला को दूध पीने के लिए दान में मिलेंगी पांच गाय, इन विशेष गायों का ये है पौराणिक महत्व

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**अयोध्या** में भगवान राम अपने बाल रूप में विराजमान होंगे। पांच वर्ष के बालक की उनकी छवि को ध्यान में रखते हुए उनके लिए विशेष वस्त्र और आभूषण भी तैयार किए गए हैं, जो भगवान को समय-समय पर पहनाए जाएंगे। चूंकि, राम लला बाल रूप में हैं और बच्चे के लिए दूध बहुत आवश्यक होता है, भगवान को दूध पीने के लिए दिल्ली के महंत मंगलदास राम मंदिर को पांच विशेष गाय अर्पित करेंगे। इन गायों का चयन पौराणिक रूप से उनकी विशेष मान्यता के आधार पर किया जा रहा है। महंत मंगलदास ने बताया कि वे भी भगवान राम के मंदिर के उद्घाटन समारोह में जा रहे हैं। वे भगवान को पांच विशेष गायें अर्पित करेंगे, जिनके दूध से उनकी सेवा होगी। इन गायों में एक कपला मृगनयनी गाय है। इस गाय की आंखों को सबसे ज्यादा खूबसूरत माना जाता है। जब रावण ने सीता का अपहरण किया था, तब राम ने लोगों से उनका पता पूछते हुए सीता की आंखों की सुंदरता का वर्णन इसी गाय की आंखों से की थी। संत कवि तुलसीदास ने इसे ही 'हे खग मृग, हे मधुकर श्रेणी, तुम देखी सीता मृगनयनी' कहा है।

**विशेष रथों से अयोध्या पहुंचेंगी ये गाय**

उन्होंने बताया कि इन गायों की आंखों की सुंदरता और उनके पौराणिक महत्व के कारण उन्होंने इस गाय को भगवान राम को अर्पित करने का निर्णय लिया। अभी इन गायों को दिल्ली के राधा कृष्ण मंदिर की गौशाला में रखकर उनकी सेवा की जा रही है। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद विशेष रूप से तैयार किए जा रहे रथों से ले जाकर इन्हें अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंप दिया जाएगा।

**कृष्ण की आंखों के समान धब्बे वाली गाय**

दान में दी जाने वाली गायों में नागौरी प्रजाति की एक विशेष किस्म की गाय भी है। इस गाय की विशेषता है कि इनके शरीर पर विशेष काले रंग के धब्बे होते हैं। कहा जाता है कि ये धब्बे इन गायों के शरीर पर केवल छह महीने के लिए आते हैं। जब देवोत्थान एकादशी होती है, तब ये काले धब्बे गायों के ऊपर आ जाते हैं, और जब देवशयनी एकादशी आती है, तब प्राकृतिक तरीके से ये धब्बे गायब हो जाते हैं। महंत मंगलदास ने कहा कि इन गायों को भगवान कृष्ण की आंखें माना जाता है। जब तक देव जागृत अवस्था में रहते हैं, ये आंखें गायों के शरीर पर प्रकट रहते हैं।

## फास्ट न्यूज

### आठ साल पहले लापता हुए वायुसेना के विमान का मलबा बरामद

नई दिल्ली: 2016 में बंगाल की खाड़ी के ऊपर लापता हुए भारतीय वायु सेना के एएन-32 विमान (पंजीकरण k-2743) का मलबा चेन्नई तट से लगभग 140 समुद्री मील (लगभग 310 किमी) दूर पाया गया है। राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान ने हाल ही में लापता एएन-32 के अंतिम ज्ञात स्थान पर गहरे समुद्र में अन्वेषण क्षमता वाला एक स्वायत्त अंडरवाटर वाहन (एयूवी) तैनात किया था। खोजी गई तस्वीरों की जांच की गई और उन्हें एएन-32 विमान के जैसा पाया गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि संभावित दुर्घटना स्थल पर किसी अन्य विमान के लापता होने की कोई जानकारी नहीं मिली है। जिसके कारण संभव है कि यह मलबा दुर्घटनाग्रस्त आईएएफ एएन-32 (के-2743) का हो सकता है।

### जेएन.1 वेरिएंट के कुल मामलों की संख्या 1000 के पार

**नई दिल्ली:** देश में कोरोना वायरस के नए वेरिएंट जेएन.1 अब रफ्तार पकड़ रहा है। शुक्रवार को दर्ज हुए ताजा मामलों के बाद देश में कुल मरीजों की संख्या 1000 के पार हो गया। अब तक 16 से अधिक राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों में जेएन.1 के मामले दर्ज हो चुके हैं।

**सबसे अधिक कर्नाटक में जेएन.1 के मामले दर्ज:** जीनोमिक्स कंसोर्टियम द्वारा के आंकड़ों के मुताबिक, कर्नाटक में सबसे अधिक 214 मामले दर्ज हुए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 170, केरल में 154, आंध्र प्रदेश में 189, गुजरात में 76 और गोवा में 66 मामले सामने आए हैं।

**किन राज्यों में मिले नए वेरिएंट के मामले:** वहीं, तेलंगाना और राजस्थान में 32-32 जेएन.1 के मामले मिले हैं।

# अटल सेतु: समंदर में भारत का कमाल

= पीएम ने देश के सबसे लंबे सी-ब्रिज का उद्घाटन किया: 21.8 किमी लंबा ब्रिज मुंबई-नवी मुंबई को जोड़ेगा

**देश को समर्पित**

> 8 15 मिनट में 2 घंटे का सफर, इंजीनियरिंग का नायाब नमूना है अटल सेतु, पीएम मोदी ने रखी थी नींव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शुक्रवार यानी आज देश के सबसे लंबे पुल का उद्घाटन कर इसे जनता को सौंप दिया है। इस 22 किलोमीटर लंबे पुल के जरिए महज 15 मिनट में मुंबई से नवी मुंबई की दूरी तय की जा सकेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे लंबे पुल 'अटल सेतु' का लोकार्पण किया। मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक को 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु' नाम दिया गया है। मालूम हो कि पीएम मोदी ने दिसंबर 2016 में इस पुल की आधारशिला रखी थी। दरअसल, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर इसका नाम अटल सेतु रखा गया है।

**देश के सबसे लंबे पुल की खासियत:** अटल ब्रिज देश का सबसे लंबा समुद्री ब्रिज होगा, जिसकी लंबाई 21.8 किलोमीटर होगी। इस पुल का 16.5 किलोमीटर हिस्सा समुद्र के ऊपर और 5.5 किलोमीटर हिस्सा जमीन के ऊपर बना हुआ है। ये 6 लेन वाला रोड ब्रिज है। यह ब्रिज मुंबई से नवी मुंबई को आपस में जोड़ेगा, जिससे दो घंटे के सफर को लगभग 15 मिनट में पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही, पुणे, गोवा और दक्षिण भारत का सफर भी कम समय में पूरा हो सकेगा।इस पुल को बनाते हुए सुरक्षा को भी मद्देनजर लिया गया है। जिसके बाद इस पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाले 190 सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। दुनिया का 12वां सबसे लंबा समुद्र पर बना पुल भी है, जो 17 हजार 840 करोड़ रुपये में बनकर तैयार हुआ है। सिक्स लेन वाले इस ब्रिज पर रोजाना 70 हजार से अधिक गाड़ियों का ट्रैफिक चल सकता है। पुल पर 100 किलोमीटर प्रति घंटे फर्राटा रफ्तार से गाड़ियां दौड़ेंगी, जिससे घंटों का सफर मिनटों में तय होगा।

इस पुल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें एफिल टावर की तुलना में 17 गुना अधिक स्टील लगा है और कोलकाता के हावड़ा ब्रिज से चार गुना स्टील का इस्तेमाल किया गया है। इस पुल के निर्माण में जो कंक्रीट इस्तेमाल किया गया है, वह अमेरिका के स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से छह गुना ज्यादा है।

### 177,903 मीट्रिक टन स्टील का हुआ उपयोग

**इस** अटल पुल के निर्माण में लगभग 177,903 मीट्रिक टन स्टील और 504,253 मीट्रिक टन सीमेंट का उपयोग किया गया है। अटल सेतु इतना मजबूत है कि इस पर भूकंप, उच्च ज्वार और तेज हवाओं के दबाव का असर नहीं होगा। इस पुल का निर्माण एपॉक्सी-स्ट्रैंड्स वाले विशेष मैटेरियल से किया गया है, जिनका उपयोग परमाणु रिएक्टरों के निर्माण के लिए किया जाता है।

### पीएम ने 11 दिन का विशेष अनुष्ठान शुरू किया

**पीएम ने इसी** के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले 11 दिन का विशेष अनुष्ठान शुरू किया। पंचवटी स्थित कालाराम मंदिर से पीएम ने ये अनुष्ठान शुरू किया। बता दें कि इस जगह पर ही भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण कई सालों तक रहे थे। पीएम मोदी ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद लोगों से अपील की कि वो राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले विभिन्न मंदिरों में सफाई अभियान चलाएं।

## पीएम मोदी की प्रेरणा से बना खेलों का माहौल: सीएम योगी



**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से खेलो इंडिया, फिट इंडिया और सांसद खेल महाकुंभ के आयोजनों से देश में खेलों का बेहतरीन माहौल बना है। इसी माहौल को और शानदार बनाने के लिए उत्तर प्रदेश गांव-गांव में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रही है। खिलाड़ियों को सभी संसाधन और सुविधा देने के साथ खेल की उनकी उपलब्धियों को भारी पुरस्कार राशि और सरकारी नौकरियों से जोड़ रही है।

**खेल महाकुंभ**

> 8 गांव-गांव में तैयार हो रहा स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर, खिलाड़ियों को सभी संसाधन और सुविधा मिल रही

सीएम योगी शुक्रवार दोपहर बाद जंगल कौड़िया स्थित महंत अवेद्यनाथ स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल एवं लोक कला महाकुंभ के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।



नासिक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी माता जीजायु और स्वामी विवेकानंद को पुष्प अर्पित करते हुए।

### अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जाएंगे सिद्दरमैया

**बेंगलुरु:** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने शुक्रवार को कहा वह अयोध्या राम मंदिर में दर्शन करने जाएंगे और राम मंदिर में दर्शन करने की तस्वीरें भी शेयर करेंगे। हालांकि, उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भाजपा का ड्रामा बताया। सीएम सिद्दरमैया ने अपने एक्स हैंडल पर कहा, मैं न तो हिंदू विरोधी हूं और न ही श्री राम चंद्र का विरोधी हूं। 22 जनवरी को अयोध्या में भाजपा ड्रामा बोर्ड के प्रदर्शन के बाद मैं अयोध्या जाकर राम मंदिर का दर्शन करूंगा। मैं उसकी तस्वीरें उन लोगों के साथ शेयर करूंगा, जो मेरे बारे में श्री रामचंद्र के विरोधी के रूप में बात कर रहे हैं।

## असली मुद्दों से ध्यान हटाया जा रहा: राहुल

'युवाओं को सोचना होगा कि हमारे सपनों के भारत की पहचान क्या होगी?

**निशाना साधा**

> 8 भावनात्मक मुद्दों को राजनीति के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है और मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाया जा रहा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भावनात्मक मुद्दों को राजनीति के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है और असली मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाया जा रहा है।



**'विवेकानंद के विचारों को याद करने की जरूरत':** 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के मौके पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर उन्होंने लिखा, 'आज स्वामी विवेकानंद के विचारों को याद करने की जरूरत है। जिन्होंने, युवाओं की ऊर्जा को एक समृद्ध देश का आधार और पीड़ितों व गरीबों की सेवा को सबसे बड़ी तपस्या माना था।'

**राहुल गांधी ने युवाओं से पूछा सवाल:** राहुल गांधी ने पूछा, 'युवाओं को सोचना होगा कि हमारे सपनों के भारत की पहचान क्या होगी? जीवन की गुणवत्ता या सिर्फ भावनाएं? भड़काऊ नारे लगाने वाले युवा या नौकरीपेशा युवा? प्यार या नफरत?' कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, 'आज असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए राजनीति की जा रही है और भावनात्मक मुद्दों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है।

## कर्नाटक: छात्रों को हर महीने मिलेगा 3 हजार मासिक भत्ता'

**टीम एक्शन इंडिया/शिवमोगा।**

**कर्नाटक** की सिद्धारमैया सरकार ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी की पांचवीं 'गारंटी' की शुरूआत कर दी। दरअसल, विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने कर्नाटक की जनता से पांच वादे किए थे, जिसे कांग्रेस की पांच गारंटी नाम दिया गया था। इसमें से एक गारंटी में ग्रैजुएट बेरोजगार को 3 हजार रुपये मासिक भत्ता और डिप्लोमा होल्डर्स छात्रों को डेढ़ हजार रुपये मासिक भत्ता देना शामिल है।



मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 'युवा निधि' योजना को प्रतीकात्मक रूप से शुरू करने के लिए छह लाभार्थियों को चेक सौंपे। यह उन ग्रैजुएट और डिप्लोमा धारकों के लिए है जो 2022-23 में पास होने के बाद भी 180 दिन से बेरोजगार हैं।

## उत्तराखंड: 14 से 22 तक आयोजित होंगे सांस्कृतिक उत्सव

**जन सहभागिता**

> 8 जन सहभागिता से जुड़ेगा प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम, 22 को सभी प्रमुख मंदिरों, गुरुद्वारों में होगा प्रसाद वितरण



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय से सभी जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर निर्देश दिये कि आगामी 14 से 22 जनवरी 2024 तक सांस्कृतिक उत्सव के तहत प्रदेश में भव्य आयोजन किये जाएं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके उपलक्ष्य में प्रदेश में पूरी जन सहभागिता के साथ भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर हमें देवभूमि की सेवा करने का जो अवसर मिला है उस अवसर को हम अपने विकल्प रहित संकल्प के साथ पूरा करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। हमें उत्तराखंड को देश का सर्वोत्तम राज्य बनाना है। आगामी 22 जनवरी को रामलला अयोध्या में विराजमान होने जा रहे हैं और यह ऐसा अवसर है, जिसके लिए हमने वर्षों इंतजार किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों को रामोत्सव मनाने का सुअवसर प्रदान किया है। भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के इस भव्य आयोजन को प्रदेश में दिव्य एवं गरिमा के साथ आयोजित किये जाने में सभी को सहयोगी बनना होगा।

## खुदरा महंगाई दर चार महीने के उच्चतम स्तर पर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**खुदरा मुद्रास्फीति** दिसंबर में बढ़कर चार महीने के उच्च स्तर 5.69 प्रतिशत पर पहुंच गई, यह नवंबर में 5.55 प्रतिशत थी। शुक्रवार को सरकार की ओर से जारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि हुई है। वहीं औद्योगिक उत्पादन नवंबर में 2.4 प्रतिशत बढ़ा है। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक एक साल पहले इसी महीने में इसमें 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। शुक्रवार को सांख्यिकी और



कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से महंगाई के आंकड़े जारी किए गए। खुदरा महंगाई दर दिसंबर महीने में भी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 2 से 6 प्रतिशत के सहिष्णुता बैंड के भीतर बनी हुई है

**कैबिनेट मीटिंग** प्रारम्भिक एवं उच्च शिक्षा विभाग में वार्षिक पीरियड आधार गेस्ट टीचर को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई

## हिमाचल कैबिनेट: पहली कक्षा में दाखिले के लिए आयु सीमा में मिलेगी छूट

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में गत दिवस को आयोजित प्रदेश मंत्रिमण्डल की बैठक में शैक्षिक मानकों को बढ़ावा देने तथा अगली पीढ़ी को विकसित करने के लिए प्रारम्भिक एवं उच्च शिक्षा विभाग में वार्षिक पीरियड आधार गेस्ट टीचर को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमण्डल ने लोक निर्माण विभाग में कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) के 40 पद और कनिष्ठ तकनीशियन (वर्क इंस्पेक्टर) के 25 पद, जल शक्ति विभाग में वर्क इंस्पेक्टर के 20 पद, राजस्व प्रशिक्षण संस्थान जोगिन्द्रनगर,



जिला मण्डी में विभिन्न श्रेणियों के 7 पद तथा सैनिक कल्याण विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 5 पद भरने को स्वीकृति प्रदान की। बैठक में हमीरपुर जिला में 50 बिस्तर क्षमता के नागरिक अस्पताल सुजानपुर को 100 बिस्तर क्षमता के नागरिक अस्पताल में स्तरोन्नत करने तथा यहां पर विभिन्न श्रेणियों के 35 पद सृजित कर भरने को स्वीकृति प्रदान की गई।

**फैसले**

> 8 लड़कियों की विवाह योग्य आयु को 21 वर्ष करने तथा संबंधित नियमों में संशोधन करने को भी स्वीकृति प्रदान की

मंत्रिमण्डल ने लड़कियों की विवाह योग्य आयु को 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करने तथा संबंधित नियमों और अधिनियमों में आवश्यक संशोधन करने को भी स्वीकृति प्रदान की। बैठक में जिला कांगड़ा के ढगवार में 1.50 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के स्वचलित दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से परामर्श सेवाओं के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित करने को स्वीकृति प्रदान की गई। इस संयंत्र की क्षमता 3 लाख लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाई जा सकेगी मंत्रिमण्डल ने मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना-2023 को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की। इस योजना के तहत विधवा एवं एकल नारियों को गृह निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। मंत्रिमण्डल ने राज्य कर एवं आबकारी विभाग के पुनर्गठन को स्वीकृति प्रदान करते हुए आबकारी विंग तथा जीएसटी एवं सम्बद्ध कर विंग सृजित करने का निर्णय लिया।

## दिल्ली समेत उ. भारत को ठिठुराएगी ठंड

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जम्मू-कश्मीर,** पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, हिमाचल, उत्तराखंड से लेकर यूपी-बिहार तक समूचा उत्तर भारत शुक्रवार को भी कड़ाके के ठंड से बेहाल रहा। कई दिनों के बाद दोपहर में खिली धूप ने थोड़ी राहत दी लेकिन शाम होते ही फिर बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी। वहीं, कोहरे ने भी रेल, हवाई और सड़क यातायात को बाधित रखा।

**अमृतसर रहा सबसे ठंडा**

मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार और यूपी के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान तीन से सात डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का



अनुमान है। पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान अमृतसर सबसे ठंडा रहा, जहां तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

**कोहरा करेगा परेशान:** विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक इन सभी जगहों पर अगले दो दिनों तक सुबह और रात के समय घना कोहरा रहेगा। इसका सीधा असर ट्रेन और हवाई यातायात के साथ सड़क यात्रा भी दिखाई देगा। इसके अलावा दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ में दो दिन कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक अगले तीन दिन यानी 15 जनवरी तक तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, कर्नाटक और लक्षद्वीप द्वीपों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

**कोहरा का साया**

> 8 अगले तीन दिनों तक इन सभी जगहों पर अगले दो दिनों तक सुबह और रात के समय घना कोहरा रहेगा।

# रास चुनावः दिल्ली में फिर बजा आप का डंका

## संजय सिंह, स्वाति मालीवाल समेत तीनों नेता राज्यसभा चुनाव में निर्विरोध जीते, किसी अन्य पार्टी ने चुनाव में इन नेताओं के खिलाफ अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था





**निर्विरोध**

8 नर्विरोध जीत के बाद तीनों नेताओं ने रिटर्निंग ऑफिसर से अपना प्रमाण पत्र लेने पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** में आम आदमी पार्टी के तीन उम्मीदवार राज्यसभा चुनाव में निर्विरोध जीत गए। तीनों के खिलाफ किसी ने अन्य पार्टी के उम्मीदवार नहीं उतारे थे। शुक्रवार को तीनों नेताओं ने रिटर्निंग ऑफिसर आशीष कुंद्रा से अपना प्रमाण पत्र प्राप्त किया। संजय सिंह स्वाति मालीवाल और एनडी गुप्ता निर्विरोध चुनाव जीत गए। शुक्रवार को अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में आप के तीनों उम्मीदवारों का राज्यसभा जाना तय है, क्योंकि किसी अन्य पार्टी के किसी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया था। बता दें कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता और संजय सिंह का 27 जनवरी को कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इससे पहले 08 जनवरी को संजय सिंह, एनडी गुप्ता और दिल्ली की पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया था।

**स्वाति मालीवाल पहली बार जाएंगी राज्यसभाः** इस बार सुशील कुमार की जगह पर स्वाति मालीवाल को राज्यसभा चुनाव के लिए आप ने पार्टी उम्मीदवार घोषित किया था। इसके अलावा संजय सिंह और एनडी गुप्ता को फिर से राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया। बता दें स्वाति मालीवाल पहली बार राज्यसभा जा रही हैं तो वहीं संजय सिंह और एनडी गुप्ता दूसरी बार राज्यसभा जाएंगे।

## केंद्र सरकार झुग्गियों को उजाड़ने पर तुलीः सौरभ भारद्वाज

**केंद्र पर आरोप**

8 पछली घटनाओं की बात करें तो तुगलकाबाद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने ढाई लाख लोगों को उजाड़ दिया है। महरौली और धौलाकुआं, सुंदर नगर के पास के क्लस्टर को उजाड़ा गया है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्र सरकार** दिल्ली के झुग्गी वालों को उजाड़ने पर तुली हुई है, जबकि देश का कानून कहता है कि जब तक झुग्गी वालों का पुनर्वास नहीं करेंगे, तब तक झुग्गी वालों को नहीं हटाएंगे। आप नेता और कैबिनेट मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने प्रेसवार्ता में यह बात कही। आतिशी ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय में 9 नवंबर को वहां



के अधिकारी तरुण कपूर की अध्यक्षता में बैठक हुई है, जिसमें आधिकारिक तौर पर आदेश दिया गया है कि दिल्ली से झुग्गियों को पूरी तरह हटाना है। दिल्ली में सभी झुग्गी वालों को हटाने का आदेश दिया गया है। केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि अगर बुलडोजर भी चलाना पड़े तो उसका भी उपयोग करें। मगर दिल्ली में झुग्गी नहीं रहनी चाहिए।

**नवजीवन कैंप को उजाड़ना चाहता है केंद्रः** कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछली घटनाओं की बात करें तो तुगलकाबाद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने ढाई लाख लोगों को उजाड़ दिया है। महरौली और धौलाकुआं, सुंदर नगर के पास के क्लस्टर को उजाड़ा गया है। केंद्र सरकार के भूमि एवं विकास विभाग ने बगैर पुनर्वास किए इन्हें उजाड़ दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र अब कालकाजी के नवजीवन कैंप के 1500 लोगों को उजाड़ने पर लगी है। नई दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे ने कोर्ट के आदेश के खिलाफ जाकर लोगों को गत नौ जनवरी को उजाड़ने शुरू कर दिया, वहां जब मुख्यमंत्री पहुंचे तो कार्रवाई रुकी है।

# दिल्ली वाली सर्दी! 3.8 डिग्री तक गिरा तापमान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कड़ाके की** ठंड के बीच शुक्रवार को दिल्ली में सुबह के तापमान में खासी गिरावट दर्ज दर्ज की गई। सर्दियों के इस सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है।

**दिन में भी बनी रहेगी ठिठुरन वाली ठंडः** यही नहीं, कोहरा भी इस सीजन का सबसे घना देखने को मिला। आलम यह रहा कि आईजीआई एयरपोर्ट पर दृश्यता जीरो तक पहुंच गई। रनवे विजुअल रेंज 125 से 200 मीटर रह गई। दिन में भी ठिठुरन वाली ठंड बनी रहेगी।

**रेवाड़ी में तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस, पाला पड़ना शुरूः** जैसे-जैसे मौसम साफ हो रहा है वैसे ही न्यूनतम तापमान में गिरावट देखी जा रही है। बृहस्पतिवार को जहां रेवाड़ी का तापमान 1 डिग्री था तो वहीं शुक्रवार को यह बढ़कर 2.2 डिग्री पहुंच गया। किसानों को सबसे बड़ी चिंता पाले की सता रही है। तापमान गिरने से पाला जमना शुरू हो गया है। इससे सरसों और बागवानी की फसलों को नुकसान होगा।

**बृहस्पतिवार को तापमान था 5.8 डिग्रीः** शुक्रवार सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। एक दिन पहले यह 5.8 डिग्री था। वहीं आईजीआई एयरपोर्ट पर सुबह साढ़े चार बजे से दृश्यता का स्तर जीरो बना हुआ है। सुबह नौ बजे तक भी इसमें सुधार नहीं हुआ।

**दिन में आसमान रहेगा साफ लेकिन...:** मौसम विभाग का



**पारा गिरा**

8 आईजीआई एयरपोर्ट पर दृश्यता जीरो तक पहुंच गई। रनवे विजुअल रेंज 125 से 200 मीटर रह गई

अनुमान है कि दिन में आसमान साफ रहेगा। दोपहर बाद आंशिक रूप से बादल छा सकते हैं। धूप खिली रहेगी, लेकिन ठिठुरन भरी ठंड के हालात भी बने रहेंगे। अधिकतम तापमान 19 से 20 डिग्री रह सकता है।


**प्रदूषित हवा से आज भी निजात नहींः** उधर नए साल के 12वें दिन भी दिल्लीवासियों को प्रदूषित हवा से निजात नहीं मिली। सुबह नौ बजे दिल्ली का एक्यूआई 348 दर्ज किया गया जो बहुत खराब श्रेणी में आता है।

**साइबर सिटी भी ठंड की चपेट मेंः** साइबर सिटी यानी गुरुग्राम भी शुक्रवार को कड़ाके की सर्दी की चपेट में है। यहां न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विज्ञानी डॉ. मंजीत का कहना है कि अभी ठिठुरन और बढ़ेगी क्योंकि उत्तराखंड में एक-दो दिन वर्षा होने के आसार हैं।

# गूगल मार्च में बिजनेस प्रोफाइल से बनी वेबसाइटें बंद कर देगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अमेरिकी** सर्च इंजन कंपनी गूगल ने घोषणा की है कि वह इस साल मार्च में गूगल बिजनेस प्रोफाइल से बनी वेबसाइटों को बंद कर देगा। गूगल ने अपने सपोर्ट पेज पर लिखा, मार्च 2024 में गूगल बिजनेस प्रोफाइल से बनी वेबसाइटें बंद कर दी जाएंगी और आपकी साइट पर आने वाले ग्राहकों को आपकी बिजनेस प्रोफाइल पर रीडायरेक्ट कर दिया जाएगा। इसमें कहा गया है, आपके ग्राहकों को केवल 10 जून 2024 तक आपके बिजनेस प्रोफाइल पर रीडायरेक्ट किया जाएगा। उस तारीख के बाद, ग्राहकों को आपकी वेबसाइट पर जाने का प्रयास करते समय "पेज नॉट फाउंड त्रुटि मिलेगी।"गूगल




बिजनेस प्रोफाइल से बनी वेबसाइटें आपकी व्यावसायिक प्रोफाइल की जानकारी द्वारा संचालित बुनियादी वेबसाइटें हैं।

जो लोग अपने व्यवसाय के लिए एक वेबसाइट रखना पसंद करते हैं, उन्हें कंपनी ने अन्य टूल का उपयोग करके एक नई वेबसाइट बनाने और नए वेबसाइट पते के साथ अपनी व्यावसायिक प्रोफाइल को अपडेट करने की सलाह दी है। जो डोमेन बिजनेसडॉटसाइट और

**वेबसाइट**

8 गूगल अगले महीने फाइल्स बाय गूगल ऐप में इम्पॉर्टेंट टैब को बंद करने की योजना बना रहा है

निगोशिओडॉटसाइट के साथ समाप्त होते हैं, उन्हें आपकी व्यावसायिक प्रोफाइल पर वेबसाइट फील्ड से हटा दिया जाएगा।

इस बीच, गूगल अगले महीने फाइल्स बाय गूगल ऐप में इम्पॉर्टेंट टैब को बंद करने की योजना बना रहा है, और उस समय अंदर सेव की गई कोई भी चीज स्थायी रूप से हटा दी जाएगी।

# एनजीटी ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को लगाई फटकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

एनसीआर में वायु गुणवत्ता में अगले वर्ष तक सुधार के संबंध में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में विस्तृत योजना रिपोर्ट दाखिल की है। हालांकि, योजना बनाने से लेकर क्रियान्वयन की जिम्मेदारी राज्यों पर डालने के आयोग के तर्क पर एनजीटी ने गंभीर सवाल उठाया है। एनजीटी ने कहा कि सीएक्यूएम की ओर से पेश किए चार्ट को देखने से पता चलता है कि अधिकांश कार्रवाई योजना के निर्माण और दिशानिर्देश बनाने से संबंधित है। हालांकि, आयोग ने उसे दी गई शक्तियों पर उचित ध्यान दिए बगैर जिम्मेदारियां अलग-अलग एजेंसियों पर डाल दी है।

# गणतंत्र दिवस से पहले पूरी दिल्ली में बढ़ी सुरक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**गणतंत्र दिवस** समारोह से पहले राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 26 जनवरी की परेड के लिए दिल्ली में 8,000 से अधिक पुलिसकर्मी पहले ही तैनात किए जा चुके हैं। रात्रि गश्त करने वाले कर्मचारियों को होटल, गेस्ट हाउस और धर्मशालाओं की जांच करने का निर्देश दिया गया है।

**रेलवे स्टेशन से लेकर बस अड्डे तक रहेगी सुरक्षाः** पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस तमाम सार्वजनिक जगहों पर सुरक्षा उपायों की जांच कर रही है। इसमें रेलवे स्टेशनों और अंतरराज्यीय बस टर्मिनलों के पास और उनके रिकार्ड की जांच कर रही है,ताकि यह पता चल सके कि राष्ट्रीय राजधानी में



कौन और किस उद्देश्य से आ रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 188 (लोक सेवक द्वारा विधिवत आदेश की अवज्ञा) के तहत नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सुरक्षा के समुचित इंतजाम नहीं होने पर पहाड़गंज के एक होटल मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

**किराएदारों और नौकरों के लिए जारी हुए ये निर्देश**

गृह मंत्रालय ने किरायेदारों और नौकरों के सत्यापन, सीमा जांच, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, मॉल और बाजारों की सुरक्षा और भारी आवाजाही वाले क्षेत्रों में गश्त के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। डीसीपी मध्य जिला संजय कुमार सेन का कहना है कि गणतंत्र दिवस के मद्देनजर मध्य जिले में

**गाइडलाइंस**

8 किरायेदारों और नौकरों के सत्यापन, सीमा जांच, भारी आवाजाही वाले क्षेत्रों में गश्त के लिए सख्त निर्देश जारी किए

भी सुरक्षा तैयारी शुरू कर दी गई है।

मध्य जिला पुलिस नियमित आधार पर माक ड्रिल आयोजित कर रही है। इस तरह की माक ड्रिल जिले भर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जा रही है और विभिन्न इकाइयों और एजेंसियों के बीच समन्वय में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। दरियागंज में ड्रिल आयोजित की गई थी जबकि नबी करीम में माक ड्रिल आयोजित की गई।

# सड़क पर घायल मिली लड़की, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**पूर्वी** दिल्ली में एक सड़क पर एक 19 वर्षीय लड़की घायल हालत में मिली है। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि पुलिस टीम ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने विवरण साझा करते हुए कहा कि सुबह लगभग नौ बजे मयूर विहार थाने में चिल्ला गांव फायर ब्रिगेड कार्यालय के पास एक घायल लड़की के पड़े होने के बारे में एक पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) कॉल प्राप्त हुई थी। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची, जहां एक लड़की के शरीर पर चोट के निशान थे। उसे तुरंत एलबीएस अस्पताल ले जाया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान लड़की की पहचान चिल्ला गांव की रहने वाली पूर्वा के रूप में हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद इलाज कर रहे डॉक्टर ने उसे एलएनजेपी अस्पताल रेफर कर दिया। अधिकारी ने कहा, फिलहाल उसका इलाज चल रहा है, उसके परिवार को सूचित कर दिया गया है। आईपीसी की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

# दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले दौड़ सकती है नमो भारत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**82 किमी लंबे** दिल्ली मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के 17 किमी लंबे प्राथमिकता खंड (साहिबाबाद से दुहाई के बीच) में भले ही कुछ माह का विलंब हो गया, लेकिन 14 किमी के दिल्ली ट्रैक पर नमो भारत समय से पहले दौड़ सकती है। इसका कारण है कि साहिबाबाद से सराय काले खां तक ट्रैक बनाने का काम जोरों पर चल रहा है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के अधिकारी बताते हैं कि आनंद विहार अंडरग्राउंड स्टेशन कॉरिडोर के एलिवेटेड सेक्शन से जुड़ गया है। न्यू अशोक नगर से आनंद विहार अंडरग्राउंड स्टेशन के बीच की दूरी



लगभग सात किमी है। अंडरग्राउंड हिस्से के तहत यहां पर आनंद विहार के दोनों ओर चार समानांतर सुरंग बनाई गई हैं। न्यू अशोक नगर से आनंद विहार स्टेशन को जोड़ने के लिए खिचड़ीपुर में एक रैम्प बनाया गया है। दूसरी ओर आनंद विहार अंडरग्राउंड स्टेशन को साहिबाबाद स्टेशन से जोड़ने के लिए दूसरा रैम्प बनाया गया है, जो वैशाली में है। दोनों रैम्प का निर्माण कार्य पूरा हो गया है।

**ओएचई इंस्टालेशन का कार्य जल्द होगा आरंभ**

जल्द ही इनमें ट्रैक बिछाने और ओएचई इंस्टालेशन का कार्य

**तैयारी**

8 आनंद विहार अंडरग्राउंड स्टेशन कॉरिडोर के एलिवेटेड सेक्शन से जुड़ गया है

आरंभ होगा। इन दोनों रैम्प का निर्माण पूर्ण होने से आनंद विहार स्टेशन दिल्ली और मेरठ दोनों दिशाओं में एलिवेटेड सेक्शन से जुड़ गया है। रैम्प का निर्माण पूरा होने से आरआरटीएस कॉरिडोर न्यू अशोक नगर स्टेशन से लेकर मेरठ साउथ स्टेशन तक कनेक्ट हो गया है।

# नीरज बवाना-नवीन गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कुख्यात गैंगस्टर नीरज बवाना-नवीन बाली गिरोह के फरार सदस्य को राष्ट्रीय राजधानी में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि गैंगस्टर की पहचान हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले 28 वर्षीय अखिल उर्फ माया के रूप में हुई है। वह दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में हुए शूटआउट में भी शामिल था।

अखिल दिल्ली/एनसीआर में हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, चोट पहुंचाने, आपराधिक धमकी और शस्त्र अधिनियम आदि के सात आपराधिक मामलों में भी शामिल रहा है। स्पेशल सेल के विशेष आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने कहा, फरार गैंगस्टर अखिल के बाहरी दिल्ली इलाके में मौजूद होने की सूचना मिली थी। इसके बाद, पुलिस टीम ने उसकी गतिविधियों के बारे में और जानकारी जुटाई। 20 दिनों से अधिक समय के लगातार प्रयासों के बाद टीम ने उसे रोहिणी के सेक्टर-18 से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने आगे कहा कि टीम ने उसे देखने के बाद उससे आत्मसमर्पण के लिए कहा। लेकिन, उसने पिस्तौल निकालकर पुलिस टीम पर निशाना साधा।

# दिल्ली के 100 से अधिक बड़े बाजारों में 22 जनवरी को मनेगी दिवाली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

22 जनवरी को राम लला मंदिर उद्घाटन के दिन दिल्ली के बाजारों में भी जबरदस्त उत्साह है और इसको लेकर सभी मार्केट संगठन तैयारियों में जुटे हुए हैं। दिल्ली में व्यापारियों और उद्योगपतियों के शीर्ष संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) चेयरमैन बृजेश गोयल और अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल ने बताया कि 100 से अधिक खुदरा और थोक बाजारों में 22 जनवरी को विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक बाजार संगठन अपने कार्यक्रम साझा कर रही है, एक-दूसरे के विचार व्यापारिक संस्थाएं अपना रही हैं। कश्मीरी गेट में भंडारा होगा, कमला नगर में लड़ियां लग गई हैं। खान मार्केट में भगवा झंडियां लग चुकी हैं। करोल बाग वाले भी तैयारियों में जुटे हैं। लक्ष्मी नगर में सुंदरकांड होगा। दरीबा कलां में दीवाली की तरह प्रकाश होगी। जूलर्स डिस्काउंट देंगे। यहां राम कंसर्ट भी होगा। सभी के लिए भंडारे होंगे। भागीरथ पैलेस में लड्डुओं के डिब्बे बांटे जाएंगे साथ ही गेट सजाए जाएंगे।

नया बाजार में सुंदर लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है।

सरोजिनी नगर मार्केट में 21 हजार दीये जलाए जायेंगे।

लाजपत नगर बाजार में भगवा गुब्बारे और झंडे लगाए जाएंगे। सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा,

**रामलला...**

8 भगवान राम सबके हैं और भगवान से बड़ा कोई भी नहीं है इसलिए किसी पार्टी का बैनर या झंडा नहीं लगेगा

रोहिणी में खास इंतजाम हो रहे हैं। नेहरू प्लेस के दुकानदार भी प्राण प्रतिष्ठा के दिन दीपावली मनाएंगे। चांदनी चौक और सदर बाजार में 22 जनवरी को विशेष सजावट की जाएगी और शोभा यात्रा निकाली जाएगी ।

बृजेश गोयल ने बताया कि राम मंदिर को लेकर हर दुकानदार



उत्साहित हैं।

**दिल्ली में हो सकता है 15 हजार करोड़ रुपये का व्यापार**

सीटीआई चेयरमैन बृजेश गोयल ने बताया कि राम मंदिर उद्घाटन को लेकर दिल्ली में 15 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने की उम्मीद है।

सदर बाजार, चांदनी चौक, मालीवाड़ा, किनारी बाजार, करोल बाग, गांधी नगर, टैंक रोड जैसे बाजारों से काफी सामान दूसरे शहरों में भेजा जा रहा है। राम मंदिर माडल, राम पोशाक, माला, मुकुट, धनुष, ध्वजा, लाकेट, चाबी के छल्ले, राम जी की फोटो आदि की विशेष मांग देखी जा रही है।

झंडे 60 रुपये से लेकर 300 रुपये में बिक रहे हैं,

बिल्ले की कीमत 50 रुपये प्रति पीस है,

राम मंदिर के खूबसूरत माडल 200 रुपये से लेकर 1000 रुपये में बिक रहे हैं।

बाजारों में बड़ी संख्या में राम जी की फोटो के कुर्ते, टी शर्ट बिक रहे हैं।

मिट्टी के दीया, रंगोली, मिठाइयां, गिफ्ट आइटम्स, फूलों की सजावट, आर्केस्ट्रा, टेंट एवं डेकोरेशन, बिजली की लड़ियों का व्यापार करने वाले लोगों का व्यापार एकदम से बढ़ गया है।

किसी राजनीतिक पार्टी का बैनर और राजनेता की नहीं लगेगी फोटो बृजेश गोयल ने बताया कि व्यापारियों में इस बात को लेकर भी सहमति बनी कि भगवान राम सबके हैं और भगवान से बड़ा कोई भी नहीं है इसलिए राम मंदिर उद्घाटन के जश्न में ना ही किसी राजनीतिक पार्टी का बैनर या झंडा लगेगा और ना ही किसी राजनेता की फोटो लगेगी जिससे कि सभी लोग कार्यक्रमों में शामिल हो सकें।

## दिल्ली में धूल प्रदूषण से बढ़ रही परेशानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में धूल प्रदूषण न रूक पाने की एक नहीं बल्कि कई वजह हैं। सबसे बड़ी वजह तो सार्वजनिक परिवहन के लिए आवश्यक बस फ्लीट का न होना है। मेट्रो रेल का बहुत बड़ा योगदान है लेकिन फिर भी दिल्ली के कई भागों में बेहतर परिवहन और लास्ट माइल कनेक्टिविटी का अभाव है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन को सुधारने के लिए बसों की संख्या बढ़ाने के लिए वर्ष 2000-2001 में कई निर्देश दिए गए थे, ताकि लोग अपने व्यक्तिगत वाहनों की तुलना में सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग कर कर सकें, लेकिन अभी तक भी इसमें उम्मीद के अनुसार कार्य नहीं हो सका है।

## न्यूज फ्लैश

### प्रदेश में पहली बार एनएसए एक्ट के तहत पुलिस ने आरोपी को काबू करते हुए भेजा जेल

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन

**हरियाणा** पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए), 1980 के तहत आदतन अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है। ऐसे आदतन अपराधी जो समाज के लिए खतरा हो सकते है तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में बाधा उत्पन्न कर सकते है, के खिलाफ एनएसए एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेजा जाएगा। इसी कड़ी में रोहतक जिला में देर सांय एसपी हिमांशु गर्ग के नेतृत्व में आदतन अपराधी पर उपरोक्त वर्णित एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेजा गया। यह हरियाणा प्रदेश का पहला मामला है जब उपरोक्त वर्णित अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए किसी आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 के तहत प्रदेश सरकार द्वारा एडवाइजरी बोर्ड का गठन किया गया है ताकि हरियाणा में बड़े अपराधियों पर एक्ट में वर्णित प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जा सके। इसी कड़ी में हरियाणा पुलिस द्वारा रोहतक जिला में यह पहली कार्रवाई की गई है। पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से हरियाणा में अपराधियों को यह कड़ा संदेश दिया गया है कि वे अपराध छोड़ दें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें क्योंकि हरियाणा पुलिस अपराधियों को छोड़ेगी नही और आगे भी ऐसे आरोपियों के खिलाफ एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती रहेगी। रोहतक जिला के एसपी हिमांशु गर्ग ने बताया कि रोहतक पुलिस द्वारा उक्त अधिनियम के तहत आरोपी का केस तैयार करके जिला मजिस्ट्रेट रोहतक को भेजा गया जिनके आदेशानुसार आरोपी राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा (3)2 के तहत हिरासत में लेकर रोहतक जेल में बंद करवाया गया है। आरोपी पर रोहतक, झज्जर, गोहाना मे हत्या, हत्या का प्रयास, गैंगरेप, जबरन वसूली, मारपीट, आपराधिक साजिश, अवैध हथियार रखने आदि के 12 मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर गद्दी खेड़ी निवासी आशीष पर जानलेवा हमला करने की वारदात को अंजाम दिया था जिस संदर्भ में थाना बहुअकबरपुर मे आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। 8 मार्च 2022 को करीब 20 से 25 लड़के आशीष के घर पर आए व अंधाधुंध फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा मौके से 25 खोल/कारतूस बरामद किए गए थे। कथित आरोपी को पुलिस कार्रवाई के दौरान 11 अप्रैल 2023 को गिरफ़्तार किया गया था जो 1 सितंबर 2023 को उक्त मामलें में जमानत पर जेल से बाहर आया था।

### 'शिकायत प्रबंधन मॉड्यूल में हुआ सुधार'

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने आज कहा कि राज्य सरकार पुलिस स्टेशनों में अत्याधुनिक तकनीक को एकीकृत कर रही है। इस नवोन्मेषी दृष्टिकोण में रेटिना और उंगलियों के निशान को कैप्चर करना शामिल है। पुलिस स्टेशनों में विशेष उपकरणों की स्थापना से आरोपी व्यक्तियों और शिकायतकर्ताओं दोनों की पहचान का विवरण दर्ज किया जाएगा। इसके साथ ही, शिकायत प्रबंधन मॉड्यूल में विभाग की आवश्यकताओं के अनुरूप सुधार किया गया है।

हरसमय पोर्टल पर मोबाइल नंबर लॉगिन से ही उत्तम नागरिक सेवा: कौशल ने सीसीटीएनएस और आईसीजेएस की 26वीं राज्य शीर्ष समिति की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद इस महत्वपूर्ण प्रगति पर प्रकाश डाला। हरसमय पोर्टल अब उपयोगकर्ताओं को मोबाइल नंबर के माध्यम से ही शिकायतें दर्ज करवाने की निर्बाध सेवाएं शुरू की है। । इस ओटीपी-आधारित शिकायत पंजीकरण प्रणाली का उद्देश्य सार्वजनिक शिकायतों को तुरंत संबोधित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना है।

पुलिस में शिकायतों की एक-क्लिक से निष्पक्ष पंजीकरण प्रणाली से दक्षता और पारदर्शिता को मिल रहा बढ़ावा: विशेष रूप से, हरियाणा पुलिस हरसमय पोर्टल के माध्यम से नागरिक सेवाओं के लिए आरटीएस डैशबोर्ड पर लगातार अपनी उपलब्धियों की ओर बढ़ रही है। हरियाणा पुलिस ने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित सीसीटीएनएस और आईसीजेएस में सर्वोत्तम कार्यो के वार्षिक सम्मेलन में लगातार दूसरे वर्ष ट्रॉफी हासिल की है। पुलिस मामलों के लिए डिजिटल आर्काइव योजना से डेटा प्राप्त करना अनिवार्य: मुख्य सचिव कौशल ने पुलिस मामलों से संबंधित पुराने डेटा की जानकारी पुन: प्राप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसमें पंजीकरण, अदालती कार्यवाही, ई-एफआईआर, ई-चालान और जमानत आदि शामिल हैं। उन्होंने अधिकारियों से एक समर्पित समिति बनाने और महत्वपूर्ण जानकारी की डिजिटल पुनर्प्राप्ति के संकलन के लिए समयबद्ध योजना की रूपरेखा तैयार करने को कहा।

### एसडीएम ने रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा

नारनौल । एसडीएम मनोज कुमार ने गत दिवस देर रात बस स्टैण्ड, सिविल अस्पताल व रेलवे स्टेशन पर नगर परिषद द्वारा संचालित रैन बसेरे का निरीक्षण किया। इस मौके पर रेडक्रॉस समिति के सदस्य भी मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड स्थित रैन बसेरे में केवल एक ही व्यक्ति का इंद्राज किया हुआ था।

# 60,000 युवाओं को जल्द मिलेगा रोजगार: सीएम मनोहर लाल

**हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राज्य स्तरीय विवेकानन्द युवा महासम्मेलन में मिशन 60,000 की करी शुरूआत, साथ ही ग्रुप सी और डी के 60,000 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आगामी कुछ माह में होगी पूरी, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मंच पर बढ़ाया भारत का गौरव और सम्मान - मनोहर लाल**





टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मिशन 60000 की घोषणा करते हुए कहा कि आगामी समय में 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के 60,000 युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे । इसके अलावा, 60,000 ग्रुप सी और डी पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आगामी कुछ माह में पूरी होगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कुरूक्षेत्र में स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय विवेकानन्द युवा महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुए यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन 60,000 के तहत, प्रदेश सरकार 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के 7,500 युवाओं को वन मित्र बनाएगी। इसके अलावा, एचकेआरएन के माध्यम से 15,000 संविदा कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी, औद्योगिक प्रतिष्ठानों के लिए 10,000 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, सीएससी के लिए 7,500 ई-सेवा मित्र नियुक्त किए जाएंगे और विदेशी सहयोग विभाग के माध्यम से 5,000 ऐसे युवाओं को विदेश में रोजगार की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/डिग्री वाले 15,000 युवाओं को प्रशिक्षित करने और उन्हें ठेकेदार बनने के लिए सशक्त बनाने की भी घोषणा की। सरकार इन व्यक्तियों को बिना किसी संपाश्रिवक की आवश्यकता के एक वर्ष के लिए 3 लाख रुपये का ऋण देगी।

इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित युवाओं को 25 लाख रुपये तक के कार्यों के लिए कोई गारंटी नहीं देनी होगी। बल्कि यह गारंटी सरकार देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य ऐसे गरीब परिवारों की वार्षिक आय को बढ़ाना है, जिससे वे गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) सीमा को पार करने में सक्षम हो सकें। मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानन्द को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अभी ग्रुप सी और डी के सीईटी परीक्षा परिणाम प्रोसेस में हैं। ग्रुप डी के लिए, लगभग 3.25 लाख उम्मीदवारों ने सीईटी परीक्षा में भाग लिया और परिणाम आज शाम तक घोषित होने की उम्मीद है।

## 'पीएम मोदी ने वैश्विक मंच पर बढ़ाया भारत का सम्मान'

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि जिस प्रकार स्वामी विवेकानन्द ने 19वीं सदी में देशवासियों में स्वाभिमान और गौरव की लौ जलाई, उसी प्रकार 21वीं सदी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मंच पर भारत का गौरव और सम्मान बढ़ाया है। आजादी के बाद किसी ने भी विश्व स्तर पर भारत को इतना प्रमुख स्थान दिलाने की दिशा में काम नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्पित प्रयासों से आज भारत विश्व की 5वीं आर्थिक शक्ति बना है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायी है। 1893 में, उन्होंने शिकागो में विश्व धर्म परिषद् में भारत के प्रतिनिधि के रूप में देश का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जहाँ हमारे देश को उनके महान आधयात्मिक प्रतिनिधित्व के लिए विश्व मंच पर सम्मान और मान्यता मिली।

**सौगात**

**8 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के 60,000 युवाओं को रोजगार प्रदान होंगे**

## 'कुरूक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का निर्माण कार्य मार्च तक होगा पूरा'



टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़

**हरियाणा के मुख्य** सचिव संजीव कौशल ने कहा कि बताया कि दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) की तर्ज पर हरियाणा रेल मेट्रो कारपोरेशन (एचएमआरसी) का भी जल्दी ही गठन कर दिया जाएगा। इसके लिए उच्च स्तर पर प्रयास किये जा रहे है। भारत सरकार के सचिव स्तर के अधिकारी को इस कारपोरेशन का चेयरमैन तथा हरियाणा सरकार के किसी प्रशासनिक अधिकारी को इसका प्रबंध निदेशक बनाया जाएगा। मुख्य सचिव ने बताया कि गुरूग्राम से भिवाड़ी तक बनाए जाने वाले रैपिड रेलवे ट्रैक सिस्टम आरआरटीएस का काम भी जल्दी शुरू किया जाएगा। यह जानकारी संजीव कौशल ने आज गुरुग्राम में हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम के नवनिर्मित कार्यालय भवन का उदघाटन करने के उपरांत निगम के प्रथम वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करने उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। श्री संजीव कौशल ने कहा कि हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम (एचआरआईडीसी) द्वारा 350 करोड़ रूपए की लागत से बनाए जा रहे करीब 6 किलोमीटर लंबे कुरुक्षेत्र एलिवेटेड ट्रैक का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

**रेल अवसंरचना**

**8 मुख्य सचिव ने हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम के नए कार्यालय भवन का किया उदघाटन**

## भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है चार्टेड अकाउंटेंट: दुष्यंत चौटाला

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को पूरी दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंचाने की जिम्मेवारी युवा चार्टेड अकाउंटेंट के हाथों में हैं। उन्होंने सीए स्टूडेंटों का आह्वान करते हुए कहा कि वे देश को आगे बढ़ाने तथा टैक्स सिस्टम में और ज्यादा पारदर्शिता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उपमुख्यमंत्री शुक्रवार को हिसार स्थित गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय स्थित चौधरी चरण सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित उमंग-2024 (यूथ फेस्टिवल फॉर सीए स्टूडेंट) को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

### हम दोनों चुनाव के लिए तैयार, कार्यकर्ताओं में भी उत्साह : डा. अजय सिंह चौटाला

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा

**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला दो दिवसीय महेंद्रगढ़ जिला के दौरे पर थे। शुक्रवार अंतिम दिन उन्होंने छह गांव सुराना, जाट गुवाना, महरमपुर, बापड़ोली, निवाजनगर व मांदी में ग्रामीण जनसभा की। इन जनसभाओं की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने की। जनसभाओं में ग्रामीणों व पार्टी कार्यकर्ताओं को दोनों लोकसभा व विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने के लिए कहा और जजपा की जनहित नीतियों का प्रचार कर बहुमत दिलाने में सहयोग की अपील की। इस ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित करते हुए डा. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि पार्टी गठन के छह साल में हर कार्यकर्ताओं ने जी-तोड़ मेहनत की है।

## 'समाज के प्रति समर्पित होकर कार्य करेंगे युवा'

**राष्ट्रीय युवा दिवस पर राज्यपाल ने जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों से किया संवाद**

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी

**हरियाणा के** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं से आह्वान किया कि वे अपना जीवन समाज के प्रति समर्पित करें और वंचित लोगों के उत्थान के लिए कार्य करें। इस तरह युवा स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देने में सक्षम बनेंगे जोकि उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय आज स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए,



फरीदाबाद द्वारा आयोजित युवा संवाद-2024 कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। कार्यक्रम में हरियाणा के उच्च शिक्षा मंत्री मूलचन्द शर्मा विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में फरीदाबाद से विधायक नरेन्द्र गुप्ता, कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर, कुलसचिव डॉ मेहा शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. मुनीश वशिष्ठ, विश्वविद्यालय की एलुमनाई एसोसिएशन वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष सुखदेव सिंह भी उपस्थित थे। इससे पहले राज्यपाल दत्तात्रेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों पर अपने विचार प्रस्तुत किये, जिसकी राज्यपाल ने खुले दिल से सराहना की। राज्यपाल दत्तात्रेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद एक सच्चे कर्मयोगी थे और उन्हें इस देश के युवाओं पर पूरा भरोसा था। उनका दृढ़ विश्वास था कि युवा अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और आध्यात्मिक शक्ति के माध्यम से भारत के भाग्य को बदल सकते हैं।

### बच्चों के प्रति हमारा व्यवहार हमेशा अच्छा होना चाहिए: रंजीता मेहता

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़

**हरियाणा** महिला आयोग की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में फरीदाबाद में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के दूसरे दिन नारी शक्तियों और ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट ने अपने विचारों का सांझा किए। इस दौरान हरियाणा राज्य बाल कल्याण की मानद महासचिव श्रीमती रंजीता मेहता ने कहा कि बच्चों के प्रति हमारा व्यवहार हमेशा अच्छा होना चाहिए, ताकि वे जिंदगी में आगे सही दिशा में बढ़ सकें। क्या सही है और गलत, उसका चुनाव करना भी स्वयं करना है। हमें अपने बच्चो को यौन शिक्षा देना बहुत जरूरी है, ताकि वो समय के साथ-साथ शरीर में होने वाले बदलाव को समझ सकें। उन्होंने कहा कि निसंतान दंपती अनाथ बच्चों को उनके विभाग के माध्यम से एडॉप्ट कर सकते हैं।

## 'जन-जन को विकसित भारत का दिलाया जा रहा संकल्प'

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़

स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लाभार्थियों तक पहुंच सके। देश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे है। स्कूल शिक्षामंत्री जिला यमुनानगर के माण्डखेड़ी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों में लोगो को संबोधित कर रहे थे।

**अंतिम व वंचितों को वरीयता केंद्र व राज्य सरकार का मूल:** 



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि एवं स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि सरकार विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए निरंतर प्रयासरत है। अंतिम व वंचितों को वरीयता केंद्र व राज्य सरकार का मूल मंत्र है। सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को वरीयता दी, जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला भी कोई नहीं था।

उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास ही राष्ट्र का विकास है।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकारी योजनाओं पर सबसे पहला हक गरीबों का है। सरकार की ओर से गरीबों के लिए जितनी अधिक योजनाएं बनेंगी, समाज उतना ही सुखी होगा। सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री ने अंत्योदय जैसी योजनाएं लागू कर हरियाणा प्रदेश के उन गरीब लोगों का कल्याण एवं उत्थान किया है जो समाज की स्ट्रीम लाइन से टूटे हुए व कटे हुए हैं।

**योजना**

**8 सरकार योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए निरंतर प्रयासरत है: कंवरपाल**

### बच्चों के सुनहरे भविष्य पर आश्रित है स्वर्णिम भारत का आने वाला कल : डा. अजय


टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा

**नारनौल** । जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि बच्चें भारत का भविष्य हैं और इन्हीं के कंधों पर आने वाले स्वर्णिम भारत की इबादत टिकी है। यदि हम अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने में सफल होते हैं तो यही समझा जायेगा कि हमने अपने देश के स्वर्णिम इतिहास की एक नई और सुरक्षित इबादत लिख दी है । डा. अजय सिंह चौटाला ने अतीत के पलों को याद करते कहा कि उन्हें याद है कि जब दुष्यंत और दिग्विजय छोटे थे तो अक्सर जिद किया करते कि पापा हमें आपकी तरह भाषण देना सिखाओ , तब मैं उन्हें यही कहता था कि बेटा जब तुम दोनों भाई पढ़ लिख कर बड़े बनोगे तो भाषण तुम्हे दुनिया स्वयं सीखा देगी।

## 'देश का इंफ्रास्ट्रक्चर हुआ मजबूत'

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़

**सोनीपत** से सांसद रमेश कौशिक ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ज़िला सोनीपत के गांव गढ़ी बख्तावरपुर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि जरूरतमंद एवं गरीब पात्र व्यक्ति तक केन्द्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा अहम साबित हो रही है। यात्रा के तहत गांवों में हजारों लोगों ने योजनाओं का लाभ प्राप्त किया है या फिर योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। सांसद ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि केंद्र



व प्रदेश सरकार की ओर से पात्र नागरिकों को लाभ देने के लिए ही योजनाओं की शुरूआत की जाती है।

ऐसे में प्रत्येक पात्र व्यक्ति का हक है कि उसे योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए सरकार की ओर से व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था तेजी के साथ आगे बढ़ रही है और हमारा भारत विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बना है और 2030 तक देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केन्द्र व प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओं को हर दरवाजे तक पहुंचा रही है।

## 'संकल्प यात्रा में लोगों को घर-द्वार पर ही मिल रहा है योजनाओं का लाभ'

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़

विकसित भारत संकल्प यात्रा हरियाणा के हर गांवों और शहरों में पहुंच रही है। लोग यात्रा का स्वागत करने के साथ-साथ अपनी समस्याओं से सांसदों, विधायकों और अधिकारियों को अवगत करा रहे हैं, जिससे उनकी समस्याओं का तुरंत ही समाधान हो रहा है। इस प्रक्रिया से लोग खुश हैं। उन्हें इस बात का संतोष है कि समस्याओं के निदान के लिए उन्हें अब जिला मुख्यालय के कार्यालयों में नहीं जाना पड़ता। इससे उनके समय व धन की भी बचत हो रही है। यात्रा के दौरान लोग स्वास्थ्य जांच का भी बखूबी लाभ ले रहे हैं।

घर द्वार पर ही कैंप लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। अब तक यात्रा के दौरान 7 लाख 89 हजार 213 लोग विभिन्न जगहों पर लगे कैंपों में स्वास्थ्य की जांच करा चुके हैं। इनमे 5 लाख 45 हजार से अधिक लोगों ने टीबी की जांच कराई है और लोगों को मुफ्त दवा भी मिल रही है। यात्रा के प्रति लोग खासे उत्साहित हैं। अभी तक यात्रा में 44 लाख से अधिक लोग भागीदारी कर चुके हैं। इनमें 25 लाख 46 हजार 417 पुरुष और 18 लाख 47 हजार 832 महिलाएं यात्रा में उपस्थिति दर्ज कराई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि वर्ष 2047 तक भारत को विश्व का विकसित राष्ट्र बनाना है, इसी उद्देश्य को पूरा करने के मकसद से पूरे भारत में 16 नवंबर, 2023 से विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

**लाभार्थी**

**8 यात्रा के दौरान कैंपों में 7 लाख 89 हजार 213 लोग करा चुके हैं अपने स्वास्थ्य की जांच**

## अवैध खननः समिति में जांच करने गए विधायक पंवार खुद फंसे ईडी के शिकंजे में

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़

**हरियाणा** विधानसभा की लोक लेखा समिति में सदस्य के बतौर शामिल सोनीपत के कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार ने अवैध खनन को लेकर यमुनानगर क्षेत्र के दौरे के समय अधिकारियों को फटकार लगाई थी। लेकिन अब पंवार खुद भी अवैध खनन से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी के शिकंजे में फंस गए। सुरेंद्र पंवार विधानसभा की लोक लेखा समिति के साथ 21 जून को अवैध खनन की जांच के लिए यमुनानगर खनन क्षेत्र का दौरा करने गए थे। उन्होंने अवैध खनन के विरुद्ध अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करते हुए काफी खिंचाई को थी। समिति के अध्यक्ष विधायक वरुण मुलाना थे। यह 10 विधायकों की




कमेटी थी, लेकिन दौरे पर तीन ही विधायक गए थे। रास्ते में भी खनन सामग्री से भरे वाहनों की जांच की गई थी। नाकों पर भी विधायक ने खुद सवाल उठाए थे। अब वही कांग्रेस के विधायक सुरेंद्र पंवार अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग में ईडी के शिकंजे में आ गए हैं।

पिछले दिनों सुरेंद्र पवार के आवास पर छापामारी की गई थी। उनके करीबियों पर भी कार्रवाई की तलवार लटक गई है। विधायक जब इस समिति में शामिल होकर पहुंचे थे। उस समय भी विरोध हुआ था। चार जनवरी को ईडी ने प्रदेश के जिला करनाल के भाजपा नेता मनोज वधवा, यमुनानगर में पूर्व विधायक दिलबाग सिंह व करीबी कारोबारियों पर, सोनीपत में कांग्रेस के विधायक सुरेंद्र पंवार और सुरेश त्यागी समेत 20 स्थानों पर फर्जी ई रवनना व अवैध खनन के कारण छापेमारी की थी। सबसे ज्यादा लंबी छापेमारी इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के निवास पर चली। ईडी पूर्व विधायक व उनके करीबी खनन कारोबारी कुलविंद्र सिंह को गिरफ्तार कर ले गई। दोनों ईडी के रिमांड पर चल रहे हैं। इस छापे में ईडी ने सवा पांच करोड़ की नकदी व एक करोड़ 89 लाख का सोना, देश व विदेश की संपत्ति के दस्तावेज, पांच विदेशी हथियार, 138 शराब की बोतलें व 294 गोलियां बरामद की थी। हालांकि किसके यहां से कितनी रकम मिली। यह स्पष्ट नहीं किया गया।

वर्ष 2021 में कांग्रेस विधायक के करीबी रिश्तेदार के खिलाफ दो लाख 60 हजार मीट्रिक टन की फर्जी खरीद दिखाने के आरोप लग चुके हैं। फर्जी ई रवनना खरीद जम्मू-कश्मीर मणिपुर,महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार सहित 25 से अधिक राज्यों की दिखाई गई थी।

**शिकंजा**

**8 पंवार विधानसभा की लोक लेखा समिति के साथ 21 जून को अवैध खनन की जांच के लिए दौरा करने गए थे**

## न्यूज फ्लैश

### सीजेएम ने किया श्रद्धानंद अनाथालय का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। सीजेएम** सुश्री जसबीर कौर ने आज श्रद्धानंद अनाथालय का दौरा किया। उनके साथ टेनिंग सिविल जज (जूनियर डिवीजन) रितिज अरोड़ा, रितिका शर्मा, उदित अग्रवाल, नितिका बंसल, अनमोल कक्कड़, रूहेला व अवंतिका, फील्ड टेनिंग के लिए उपस्थित थे। सीजेएम ने श्रद्धानंद अनाथालय में रह रहे बच्चों से बातचीत की व उनकी दैनिक गतिविधियों बारे जानकारी प्राप्त की। उन्होंने श्रद्धानंद अनाथालय में स्थापित रसोई घर का निरीक्षण किया व वहां रह रहे बच्चों को दी जाने वाली डाइट के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि प्रतिमाह बच्चों के लिए स्थापित संस्थानों का निरक्षण सैशन जज चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन मे किया जाता है।

### विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को किया शामिल जांच

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। पुलिस** चौंकी सालवन की टीम ने मलेशिया भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करके पांच लाख रुपए ठगने वाले आरोपी पवन पुत्र बनवारी लाल वासी राजीवपुरम करनाल को मामले में शामिल जांच किया। आरोपी पवन पहले ही मुकदमे में हाईकोर्ट से बेल पर है। आरोपी पवन को मामले में शामिल जांच कर चालीस हजार रुपए बरामद किए गए।

इस संबंध में सुभाष वासी कबूलपुर खेड़ा ने आरोपी पवन और अन्य को अपने भाई राजेश और भतीजा विशाल को मलेशिया में वर्क परमिट दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपए ठगे हैं। इस संबंध में नामजद आरोपियों के खिलाफ थाना असंध में साल 2023 में 24 इमिग्रेशन एक्ट और आईपीसी की धारा 406, 420 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी पवन को मुकदमे में शामिल जांच कर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई गई।

### पर्स चोरी करने वाली तीन महिला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। बर्गलरी** स्टॉफ की टीम ने तीन महिला आरोपी माया पत्नी जयपाल, कंचन पत्नी सन्नी और नैना पत्नी अमर सिंह वासियान राय टिटौली थाना अंजली जिला नागपुर महाराष्ट्र हाल शादीपुर पटेल नगर दिल्ली को जिला कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया। तीनों महिला आरोपियों के कब्जे से उनकी निशानदेही पर चोरी हुई तीन हजार नगद रुपए की राशि बरामद की गई।

पुलिस पूछताछ में पाया गया कि महिला आरोपियों ने कर्ण गेट करनाल के पास से 22 जनवरी को शिकायतकर्ता सुषमा का पर्स और 25 जनवरी कमलेश का पर्स चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना शहर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के दो मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस पूछताछ में पाया गया कि महिला आरोपी पैसे कमाने के लालच में चोरी की वारदातों को अंजाम देती है। आरोपी पहले भी कई चोरी की वारदातो को अंजाम देने के जुर्म में जेल में बंद है। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# आयुर्वेद बीमारी को जड़ से खत्म करता है: हरविंद्र कल्याण

## खुद भी ली खांसी की दवा, तुरंत मिला आराम, कलहेड़ी और जमालपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। घरौंडा** हलका के भाजपा विधायक हरविंद्र कल्याण ने लोगों से अपील की है कि वे आयुर्वेद को अपनायें। आयुर्वेद बीमारी को जड़ से खत्म करता है और इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है। यह 5 हजार साल पुरानी चिकित्सा पद्धति है, जो हमारी आधुनिक जीवन शैली को सही दिशा देने व स्वास्थ्य के लिए लाभकारी आदतें विकसित करने में सहायक है।

हरविंद्र कल्याण आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के गांव कलहेड़ी और जमालपुर पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने आयुष विभाग के स्टॉल से खुद खांसी की दवा ली जिससे उनके खराब गले भी को तुरंत आराम मिला। कलहेड़ी में एएमओ डॉक्टर वीनिता की टीम द्वारा 105 लोगों को जांच के बाद मुफ्त दवाई दी गई। विधायक ने सर्वप्रथम दोनों गांवों में विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया और योजनाओं की जानकारी लेने पहुंचे ग्रामीणों से बातचीत की। इससे पहले हरियाणा के विकास पर बनाई गई लघु फिल्म दिखाई गई। आज युवा उत्सव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव उद्बोधन भी एलईडी के माध्यम से सुनाया गया। गायक बिजेंद्र एंड पार्टी की ओर से विकासात्मक गीत प्रस्तुत किए गए। कलहेड़ी में पूर्व चेयरमेन रमेश बैरागी और जमालपुर में जगदीश राणा ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। कलहेड़ी में सरपंच विजेंद्र और जमालपुर में बलविंद्र ने विधायक का स्वागत किया और गांव में पिछले 9 सालों में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। विधायक । ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद जी को याद करते हुए कहा कि 1983 में शिकागो में विश्व धर्म संसद में दिया गया प्रेरक भाषण बहुत अधिक सराहा गया। उस समय विदेशी प्रतिनिधियों को भी स्वामी जी के भाषण से पता चला कि भारत की प्राचीन संस्कृति कितनी समृद्ध है। उन्होंने कहा कि देश की जिस प्राचीन संस्कृति को मुगलों और अंग्रेजों ने हजार साल तक तहस-नहस किया, उसे भाजपा सरकार फिर से मजबूत करने में लगी है।

## अंतिम संस्कार की थी तैयारी, बुजुर्ग निकला जिंदा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल** के 80 साल के जिस बुजुर्ग को परिजन मरा समझकर अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, उसकी अचानक सांस चलने लगी। अंतिम संस्कार के लिए रोते-बिलखते आ रहे परिजन भी यह जानकार हैरान रह गए। दरअसल बुजुर्ग को पटियाला अस्पताल के डॉक्टरों ने जवाब दे दिया था। उन्हें वैंटिलेटर से भी हटा दिया गया। इसके बाद परिजनों ने घर, रिश्तेदारों और पड़ोसियों को बुजुर्ग की मौत की सूचना दे दी। इसके बाद घर पर संस्कार की तैयारियां भी शुरू हो गई थी। जब परिजन लाश समझ बुजुर्ग को घर ला रहे थे तो एंबुलेंस का टायर गड्ढे में लगने से उनकी सांस चलने का पता चला। दर्शनपाल सिंह का अब करनाल के ही प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत अभी नाजुक है।

निसिंग की दर्शन सिंह कॉलोनी में रहने वाले नगर पालिका के पूर्व वाइस चेयरमैन बलदेव ने बताया कि उनके 80 वर्षीय पिता सरदार दर्शन पाल सिंह हार्ट पेशेंट है। कई दिनों से उनकी तबीयत खराब चल रही थी। उसका भाई इलाज के लिए उन्हें अपने साथ पटियाला लेकर गया और वहां पर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया। बेटे बलदेव सिंह ने बताया कि पिता का आइसीयू में इलाज चल रहा था। गुरुवार सुबह डॉक्टरों ने चेक किया तो पिता की हार्टबीट बंद थी। उन्हें इंजेक्शन दिए गए, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें वैंटिलेटर से उतार दिया और मृत घोषित कर दिया। प्राइवेट अस्पताल की तरफ से उन्हें कोई डेथ सर्टिफिकेट नहीं दिया गया।

## 14 जनवरी से तीर्थ और मंदिरों में चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान : सुभाष चंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। स्वच्छ भारत** मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि अयोध्या में श्री रामलला मंदिर के उद्घाटन के उपलक्ष में 14 से 22 जनवरी तक प्रदेश के सभी मंदिरों और तीर्थों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। प्रदेशभर के लोगों से अपील है कि मकर संक्रांति के दिन से छोटे बड़े सभी तीर्थ स्थलों पर स्वच्छता का अभियान चलाएं। स्वच्छता अभियान को लेकर सुभाष चंद्र आजकल प्रदेश के प्रमुख साधु संतों से मिलकर उन्हें इस अभियान से जुड? का आग्रह कर रहे हैं।

सुभाष चंद्र ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हमने प्रदेशभर के मंदिरों को साफ-सुथरा बनाने का संकल्प लिया है। साधु संतों और आम नागरिकों के अलावा उन्होंने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखकर इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए कहा है।

उन्होंने कहा की हर मंदिर में सफाई का अभियान हमें 14 जनवरी से 22 जनवरी तक चलाना चाहिए। भगवान राम सभी के हैं और जब भगवान राम आ रहे हैं, तो एक भी मंदिर या तीर्थस्थल पर गंदगी नहीं रहनी चाहिए। इस अभियान में सांसद, विधायक और पंचायत प्रतिनिधियों सहित सभी निर्वाचित प्रतिनिधि शामिल होंगे, जो स्वच्छता अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन और टास्क फोर्स के सभी सदस्यों को उन पूजा स्थलों की पहचान करने का काम सौंपा गया है, जहां स्वच्छता अभियान शुरू किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल 13 जनवरी को करनाल प्रवास पर : अनीश यादव

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। मुख्यमंत्री मनोहर** लाल 13 जनवरी शनिवार को करनाल प्रवास पर रहेंगे और इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उपायुक्त अनीश यादव ने अधिकारियों की टीम के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा करके प्रबंधों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने दौरे के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 13 जनवरी को सबसे पहले वार्ड नम्बर 1 बसंत विहार स्थित श्री रामचरित मानस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में लोगों के साथ सीधा जन संवाद करेंगे और उनकी समस्या सुनेंगे।

## स्वच्छता में औंधे मुंह गिरा स्मार्ट सिटी करनाल

### कांग्रेस बोली-हमें शर्म महसूस हो रही है मुख्यमंत्री को जनता से माफी मांगनी चाहिए



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल स्मार्ट** सिटी स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में औंधे मुंह गिरने पर विपक्ष को भाजपा को घेरने का एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। कांग्रेस स्मार्ट सिटी की रैंकिंग पर अफसोस जता रही है। कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि जिस सरकार को करनाल की जनता ने 10 साल पहले सत्ता सौंपी थी, वह सरकार करनाल को पिछड़ेपन का शिकार बनाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि करनाल शानदार और शांत शहर हुआ करता था। लेकिन बीजेपी ने करनाल के साथ झूठ और धोखा किया। स्मार्ट सिटी के नाम पर एक हजार करोड़ खर्च करने के बावजूद भी करनाल 30 पायदान नीचे लुढक गया है। सर्वे के लिए जो टीम पीछे आई थी, उनको अच्छे-अच्छे होटलों में ठहराया गया, आवभगत पर पैसा भी खर्च किया गया। त्रिलोचन सिंह ने प्रेसवार्ता कर कहा कि जब कांग्रेस ने मीडिया के साथ शहर की स्वच्छता का जायजा लिया था तो बीजेपी के नेताओं ने कहा था कि अभी स्वच्छता सर्वे का रिजल्ट नहीं आया है, लेकिन आज रिजल्ट आ चुका है। अब बीजेपी वालों के पास क्या जवाब है? उन्होंने कहा कि डीसी कार्यालय के प्रांगण तक में कचरे के ढेर लगे रहते हैं। स्वच्छता के हालात क्या हैं वे किसी से छिपे नहीं हैं। पिछले साल करनाल स्वच्छता में 85वें नंबर पर था, लेकिन आज यह 115वें नंबर पर चला गया है और इस रैंकिंग पर कांग्रेस भी शर्म महसूस कर रही है।

## सरकार ने बुढ़ापा पेंशन को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ा है : धर्मपाल गोंदर



**शपथ दिलाई**

**8 विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि राज्य सरकार ने बुढ़ापा पेंशन को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ा है।**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित भारत** संकल्प यात्रा के अंतर्गत करनाल जिला में निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को नीलोखेड़ी विधानसभा के अंतर्गत गांव घोलपुरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान भी मौजूद रही। विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि राज्य सरकार ने बुढ़ापा पेंशन को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ा है। पीपीपी के अनुसार आयु 60 वर्ष होते ही आटोमोड में लाभार्थी की पैंशन स्वतः ही बन जाती है और उसे कार्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि गांव का संपूर्ण विकास करना सरकार की जिम्मेदारी है।

विधायक ने मौके पर अनेकों समस्याओं का समाधान किया व महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस किट भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर की डबल इंजन की सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही है। यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड? का कार्य करेगी। स्कूल के प्रिंसीपल अमन शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को भारत को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने की शपथ दिलाई।

इससे पूर्व विधायक धर्मपाल गोंदर ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया और मौजूद कर्मचारियों से योजनाओं की जानकारी ली। विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी गई। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा- जनसंवादइ पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, जिसका आमजन प्रभावी रूप से लाभ उठा रहे हैं।

इस मौके पर घोलपुरा गांव के सरपंच सुरेश कुमार, ग्राम सचिव हुकम चन्द, सुलतानपुर के सरपंच जसमेर, भोला के सरपंच नवाब सिंह, बोहली के सरपंच पंकज, मंचुरी के सरपंच संजीव, भुखापूरी के सरपंच राजेन्द्र कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## लक्ष्य हासिल नहीं होने तक बिना थके करते रहे परिश्रमः एएसपी प्रवीना पी.

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** गांव खटोटी कलां स्थित कोयल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को समाजसेवी अड़ीशाल यादव की पुण्य स्मृति में वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि एएसपी प्रवीना पी. थी, जबकि समारोह की अध्यक्षता आरपीएस ग्रुप के एमडी मनीष राव ने की। समारोह के आयोजक एवं विद्यालय के चेयरमैन अत्तर सिंह यादव एवं प्राचार्य प्रवीण शर्मा ने मेहमानों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन एवं वंदना के साथ हुई। समारोह में उपस्थित हजारों विद्यार्थियों एवं आसपास के गांवों से आए अभिभावकों को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि एएसपी प्रवीना पी. ने कहा कि अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करें और सकारात्मक लक्ष्य बनाकर उसके हासिल होने तक निरंतर कड़ा परिश्रम करते रहें। जब बार-बार प्रयास करेंगे तो एक न एक दिन सफलता अवश्य कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि कभी भी विफलता से नहीं घबराना चाहिए, बल्कि इससे सबक लेना चाहिए। जो गलती पिछली बार हुई थी, उसे दोहराना नहीं है और ज्यादा मेहनत करते हुए आगे बढ़ जाना है। उन्होंने कहा कि कड़ा परिश्रम ही वह गुण है, जो सफलता के मार्ग खोलता है। इसलिए अब पढ़ाई के दौरान ही सभी बच्चे अपना लक्ष्य तय कर लें और निरंतर उस पर मेहनत करते रहें। अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद् मनीष राव ने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। हमेशा शुरूआत जीरो से करनी पड़ती है। दुनिया में ऐसे कितने ही उदाहरण हैं, जिन्होंने निचले स्तर से जीवन की शुरूआत की और अपने जीवन में कामयाबी के शिखर को पार किया। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों को बच्चों की परीक्षा समाप्त नहीं होने तक उनके साथ लगातार जुड़े रहने एवं मेहनत करने के लिए भी प्रेरित किया तथा कहा कि बच्चों को किसी भी तरह से ढीला न छोड़ें तथा सदैव अपनी निगरानी में रखें।

## एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया करेगा राष्ट्र रत्न अवार्ड समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। एंटी** करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन के सहयोग से राष्ट्र रत्न अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर एक बैठक का आयोजन नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ।

नरेंद्र अरोड़ा ने कहा की एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया व ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा 28 जनवरी को डिवेंचर होटल में लाला लाजपत राय की जयंती पर राष्ट्र रत्न अवार्ड समारोह एंव लीडरशिप डेवलपमेंट सेमिनार का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें फिल्म अभिनेता अमन वर्मा व फिल्म अभिनेत्री खुशी चौधरी चीफ सेलिब्रिटी के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रणजोध सिंह करेंगे।

उन्होंने कहा कि इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों की महान शख्सियतों को राष्ट्र रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस विशेष अवार्ड के लिए अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली हस्तियां नॉमिनेशन कर सकते हैं। इस अवसर पर भ्रष्टाचार उन्मूलन के क्षेत्र में कार्य करने वाले व ह्यूमन राइट्स के लिए कार्य कर रही विभूतियों को राष्ट्र रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की अंतर्राष्ट्रीय निदेशक सावी चौधरी को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

## नवविवाहिता प्रेमी संग हुई फरार

**जांच जारी**

**8 विवाहिता अपने साथ घर की अलमारी में रखे 2 लाख कैश व लाखों रुपए के जेवरात भी साथ ले गई**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल** शहर से एक नवविवाहिता प्रेमी संग फरार हो गई। करीब एक साल पहले ही युवती की शादी हुई थी। इतना ही नहीं विवाहिता अपने साथ घर की अलमारी में रखे 2 लाख कैश व लाखों रुपए के जेवरात भी साथ ले गई। विवाहिता के पति ने करनाल के ही एक युवक पर भगा ले जाने के आरोप लगाए हैं।

पीड़ित पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब एक साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। हम दोनों में किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं था। सब कुछ अच्छा चल रहा था। उसकी पत्नी कई बार फोन पर करनाल के ही एक युवक से बात करती थी। बीती 10 जनवरी को सुबह वह अपने काम पर गया था। दोपहर को खाना खाने के लिए जब घर आया तो घर पर कोई नहीं था। परिजन किसी काम से बाहर गए हुए थे। उसने अपने परिजनों को फोन किया तो उन्होंने बताया कि उसकी पत्नी उनके साथ नहीं आई, वह घर पर ही थी।

पीड़ित पति ने बताया कि देर शाम तक जब उसकी पत्नी घर पर नहीं आई तो उसने अपनी रिश्तेदारियों में और ससुराल में पता किया तो वह वहां पर भी नहीं थी। उसकी पत्नी का फोन भी बंद आ रहा था। उसके बाद जब घर की अलमारी में रखा कैश और जेवरात चेक किया तो वह भी गायब थे। अलमारी में उसने 2 लाख कैश व उसकी पत्नी के सभी जेवरात रखे हुए थे। उनकी कीमत भी ढाई से तीन लाख थी। वह अपने साथ ही लेकर चली गई। पति ने बताया कि इसके बाद उसने अपने स्तर पर पता किया कि जिस युवक से उसकी पत्नी कई बार बात करती थी। वह भी घर पर नहीं था और उसका नंबर भी बंद जा रहा है। इसके बाद उसे शक हुआ कि उसकी पत्नी को वही युवक बहला-फुसलाकर लेकर गया है। युवक के परिजन भी उसके बारे में कुछ नहीं बता रहे।

## अमेरिका में हार्ट अटैक से युवक की मौत, शव लाने के लिए पैसे नहीं



**दुखद**

**8 वह अगस्त 2022 में 30 लाख रुपए लगाकर डोंकी के रास्ते कैलिफोर्निया गया था**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल के युवक** की अमेरिका में हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह अगस्त 2022 में 30 लाख रुपए लगाकर डोंकी के रास्ते कैलिफोर्निया गया था। वहां वह स्टोर कीपर की जॉब कर रहा था। 4 दिन पहले उसे हार्ट अटैक आया था। इसके बाद से वह अस्पताल में भर्ती था। मृतक व्यक्ति की पहचान 36 वर्षीय संजय निवासी नरूखेड़ी के रूप में हुई है। गुरुवार रात को उसने मां, पत्नी और बच्चों से फोन पर बात की थी। उसने कहा था कि वह बिल्कुल ठीक है और जल्दी ठीक हो जाऊंगा। उसके 6 घंटे बाद शुक्रवार अलसुबह उसकी मौत हो गई। परिवार ने शव भारत लाने की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि इसमें 50 से 60 लाख रुपए खर्च होंगे, परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। 30 लाख कर्ज लेकर उसे भेजा गया था। मृतक के चचेरे भाई जितेंद्र ने बताया कि संजय 2022 के अगस्त महीने में ही अमेरिका चला गया था। डोंकी के रास्ते उसे वहां पहुंचने में करीब 8 से 9 महीने का समय लगा। इस दौरान बॉर्डर से करीब 2-3 बार वापस आ चुका था। इसके बाद किसी तरह से वह अमेरिका में दाखिल हो गया। उसके बाद अमेरिका में उसे डेढ़ से दो महीने तक काम ही नहीं मिला था। बाद में उसे काम मिला और स्टोर पर काम करने लगा। उसे उम्मीद थी कि उसका कर्ज भी उतर जाएगा और घर के हालात भी सुधर जाएंगे, लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। उसे पहले भी हार्ट अटैक आया था। तब उसे साथियों ने अस्पताल में भर्ती करवाया। वह ठीक तो हो गया था, लेकिन उसके बाद से ही वह बीमार रहने लगा था। ढंग से काम भी नहीं कर पा रहा था। जितेंद्र ने बताया कि 11 जनवरी को उसे फिर अटैक आया। चचेरे भाई रजनीश व अन्य साथियों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। 11 जनवरी को संजय ने यहां अपने घर पर फोन से बात भी की थी। अमेरिका में दिन था और यहां पर रात के 10 बजे थे, उसने खुद को ठीक बताया था, लेकिन उसके बाद रात को 3 बजे परिवार को संजय की मौत की सूचना मिली। जितेंद्र ने बताया कि संजय के पिता की करीब 25 साल पहले डेथ हो गई थी, वे एक वीएलडीए डॉक्टर थे। उनकी मौत के बाद संजय की मां को जॉब मिल गई थी, अब वह भी रिटायर होने वाली है। मां ने भी कर्ज उठाकर अपने बेटे को अमेरिका भेजा था, लेकिन संजय के साथ ऐसा कुछ होगा, उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था। अब अमेरिका से संजय के शव को लेकर आना है।

मृतक संजय के परिजनों ने सरकार व प्रशासन से शव को भारत लाने की गुहार लगाई, क्योंकि परिवार के पास इतने पैसे नहीं हैं, जिससे वह शव को इंडिया ला सकें।

## कुरुक्षेत्र रैली में भाग लेने के लिए जिले से भारी संख्या में गए युवा

**रवाना**

**8 संयोजक एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह राजपूत के नेतृत्व मे रवाना हुए**

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल**

स्वामी विवेकानंद जयंती को समर्पित राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में होने वाली नव मतदाता जागरुकता रैली में भाग लेने के लिए जिला महेंद्रगढ़ से शुक्रवार सुबह भारी संख्या में युवा रवाना हुए। सभी युवा साथी स्वामी विवेकानंद युवा सम्मेलन मे भाग लेने के लिए संयोजक एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह राजपूत के नेतृत्व मे रवाना हुए। सम्मेलन में जाने वाले युवाओं के वाहनों को सुबह सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर युवाओं को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि युवा इस देश की ताकत है और भाजपा सरकार द्वारा युवा शक्ति को सही दिशा दिखाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ही युवाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर रही है व उनके रोजगार के लिए भी अनेक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि आज जो युवा कुरुक्षेत्र जा रहे है उन्हें स्वामी विवेकानंद के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। इस मौके पर संयोजक एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जोगेंद्र राजपूत ने बताया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र से 12 बस और 10 पर्सनल गाड़ियां मे लगभग 600 युवा साथी रैली में भाग लेने जा रहे हैं।

# महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर के फैसले से उपजे सवाल

## संपादकीय

### लोकतंत्र की रक्षा

**महाराष्ट्र** में जून 2022 से चल रहे राजनैतिक प्रहसन में 10 जनवरी को फिर एक नया मोड़ आया। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने शिवसेना में दो फाड़ करने वाले एकनाथ शिंदे और उनके गुट के सभी विधायकों की अयोग्यता पर अपना फैसला सुना दिया। अनुमान के मुताबिक फैसला शिंदे गुट के पक्ष में ही आया। राहुल नार्वेकर ने 1999 के शिवसेना के संविधान को मान्य कहते हुए शिंदे गुट को ही असली शिवसेना माना है। इससे पहले शिवसेना के नाम और निशान लड़ाई में भी चुनाव आयोग ने भी शिंदे गुट के पक्ष में फैसला सुनाया था। महाराष्ट्र का मामला इससे पहले सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच चुका है, जहां अदालत ने शिंदे सरकार को बने रहने के निर्देश दिए थे लेकिन विधानसभा अध्यक्ष को विधायकों की अयोग्यता पर फैसला सुनाने कहा था। अदालत ने श्री नार्वेकर को 31 दिसंबर तक फैसला सुनाने का निर्देश दिया था, लेकिन फिर भी समय सीमा 10 दिन बढ़ा दी गई। इस फैसले को सुनाने में चाहे लंबा वक्त लिया गया हो, लेकिन सभी को अहसास था कि भाजपा के राज में किसी भी तरह उद्धव गुट को जीत नहीं मिलेगी। अब फैसले के पीछे चाहे जो तर्क दिए जाएं, यह तो जाहिर ही है कि भाजपा के सहयोग से एक पार्टी में फूट डालकर, उसके मंत्रियों और विधायकों को खरीदकर भाजपा को सत्ता में लाया गया। पिछले चुनावों में महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी की सरकार बनी थी, जिसमें भाजपा को विपक्ष में बैठना पड़ा था, लेकिन 2022 में भाजपा ने आपरेशन लोटस चलाया और सत्ता में आ गई। उसके बाद से शिवसेना में नाम, निशान और सत्ता की लड़ाई चली, जिस पर बुधवार को उद्धव गुट को एक और मात मिली है। बुधवार का फैसला आने से पहले स्पीकर श्री नार्वेकर और मुख्यमंत्री श्री शिंदे की मुलाकात भी हुई थी, जिस पर उद्धव गुट ने सवाल उठाए थे, लेकिन अब इंसाफ की लड़ाई में नीयत और नैतिकता के सवाल हाशिए पर धकेले जा रहे हैं।

फ्रेंच भाषा का एक शब्द है-देजा वू, यानी ऐसी कोई घटना या बात जिसे देख-सुनकर महसूस हो कि ऐसा पहले भी हुआ है। बस याद नहीं आता कि कब और कहां। महाराष्ट्र के ताजा प्रकरण को देखकर देजा वू जैसा अनुभव तो हुआ है, लेकिन जरा सा याददाश्त पर जोर डालें तो याद आ जाएगा कि लोकतंत्र का मखौल उड़ाने वाली ऐसी एक नहीं कई घटनाएं पिछले 10 सालों में देश में हुई हैं। जैसे राम मंदिर-बाबरी मस्जिद विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने माना कि बाबरी मस्जिद को तोड़ना गलत था, लेकिन फिर भी राम मंदिर उसी जगह बनाने की अनुमति भी दे दी।

गलती करने वालों को कोई सजा भी अब तक नहीं हुई और राम मंदिर का राजनैतिक उद्घाटन करने की तैयारी हो गई है। इसी तरह महाराष्ट्र मामले में भी 11 मई 2023 को अपने अहम फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने उद्धव ठाकरे की सरकार बहाल न करने का फैसला सुनाया था, क्योंकि श्री ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद से खुद ही इस्तीफा दिया था। मगर इसके साथ ही इस पूरे प्रकरण में यह भी माना था कि शिवसेना के दूसरे गुट के व्हिप को मान्यता देकर विधानसभा अध्यक्ष ने गलत किया। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा था कि राज्यपाल ने फ्लोर टेस्ट करने का जो आदेश सुनाया था, वह गलत था। विधानसभा अध्यक्ष और राज्यपाल ने जो गलत किया, वो सही कैसे होगा, इसका कोई सूत्र अदालत के फैसले से नहीं मिला। अलबत्ता उद्धव ठाकरे को अपने एक साथी द्वारा दिए गए धोखे के बाद इस्तीफा देने की सजा सत्ता से बाहर होकर चुकानी पड़ी।

**डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

> “ प्रत्याशी पत्रों पर हस्ताक्षर के सवाल भी लगातार उठेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि स्पीकर के निर्णय के बाद कई कानूनी चुनौतियां सामने आएंगी। हालांकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सत्ता सुरक्षित और स्थिर है। स्पीकर ने किसी भी पक्ष के विधायकों को अयोग्य करार नहीं दिया है, लेकिन शिंदे सेना को अभी जश्न मनाने से परहेज करना चाहिए, क्योंकि उद्धव ठाकरे ने साफ कहा है कि स्पीकर के फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी जाएगी। चूंकि वह इस फैसले को लोकतंत्र, संविधान और 10वीं अनुसूची की हत्या मानते हैं, लिहाजा सर्वोच्च अदालत की समीक्षा चाहेंगे।स्पीकर के सामने एक और विवादास्पद मामला है कि उन्हें 31 जनवरी तक एनसीपी के विभाजन पर भी व्यवस्था देनी है। एनसीपी के 40 से अधिक विधायक सत्तारूढ़ एनडीए के घटक हैं। उपमुख्यमंत्री अजित पवार उनके नेता हैं ”

**महाराष्ट्र** विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके गुट के विधायकों के खिलाफ अयोग्यता मामले में फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि शिंदे गुट को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि शिंदे गुट ही असली पार्टी थी। उद्धव ठाकरे ने फैसले में देरी होने पर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने विधानसभा स्पीकर अयोग्यता की लंबित याचिकाओं पर 10 जनवरी तक फैसला लेने को कहा था। स्पीकर नार्वेकर ने किसी को भी अयोग्य नहीं ठहराया है। फैसले के बाद शिवसेना उद्धव गुट ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कही है, तो वहीं दूसरी राज्य में बीजेपी के सबसे बड़े नेता और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बधाई दी है। शिवसेना उद्धव गुट ने भाजपा को भी निशाने पर लिया। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिवसेना उद्धव गुट नेता संजय राउत ने कहा कि राहुल नार्वेकर को न्याय करना था, लेकिन उन्होंने शिंदे के वकील की तरह बर्ताव किया।

शिवसेना उद्धव गुट के मुखपत्र सामना के संपादकीय में सत्तारूढ़ भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा गया है कि राज्य के लोग इसके पीछे के खेल करने वालों को माफ नहीं करेंगे। विद्रोह के 18 महीने बाद एकनाथ शिंदे ने शीर्ष पद पर अपनी जगह पक्की कर ली और लोकसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ गठबंधन में उनकी राजनीतिक ताकत बढ़ गई, जिसमें भाजपा और राकांपा (अजित पवार समूह) भी शामिल हैं। सामना में कहा गया है कि स्पीकर का आदेश पहले से तय था और इसमें चैंकने वाली कोई बात नहीं है। मराठी दैनिक ने कहा कि स्पीकर के लंबे फैसले को दिल्ली में उनके आकाओं ने लिखा था। इसमें आरोप लगाया गया कि बाल ठाकरे की शिव सेना को गद्दारों को सौंपने का स्पीकर का फैसला महाराष्ट्र के साथ बेईमानी में शामिल होने के समान है। संपादकीय में कहा गया है कि नार्वेकर के पास इतिहास रचने का मौका था, लेकिन उन्होंने ऐसा फैसला दिया, जिसने लोकतंत्र का चेहरा काला कर दिया है। पिछले साल जून महीने में एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंका था, जिस वजह से महाविकास अघाडी सरकार गिर गई थी। एमवीए



सरकार में शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल थी। शिंदे के विद्रोह के बाद शिवसेना में विभाजन हो गया। जिसके बाद एकनाथ शिंदे ने शिवसेना के 40 विधायकों (बागी) के समर्थन से बीजेपी के साथ मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बनाई और खुद मुख्यमंत्री बने और बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस उपमुख्यमंत्री बने। विधानसभा स्पीकर फैसला सुनाते समय यह व्याख्या करते रहे कि असली शिवसेना कौन-सी है? उसका नेता कौन है? पार्टी का कौन-सा संविधान मान्य है? उद्धव ठाकरे की शक्तियां क्या थीं? शिवसेना में पार्टी प्रमुख से ताकतवर राष्ट्रीय कार्यकारिणी है। शिवसेना पर फैसला तो चुनाव आयोग सुना चुका था। पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न धनुष-बाण एकनाथ शिंदे की सेना को आवंटित किए जा चुके थे, लेकिन सर्वोच्च अदालत के सवाल कुछ और ही थे। चूंकि स्पीकर ने व्यवस्था दी है कि शिंदे गुट ही असली शिवसेना है। शिंदे को विधायक दल के नेता पद से हटाने का अधिकार उद्धव ठाकरे को नहीं था। पार्टी प्रमुख की इच्छा और निर्णय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नहीं थे। स्पीकर ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व को ही संवैधानिक नहीं माना। शिवसेना संविधान में 2018 में जो संशोधन किए गए थे, उन्हें भी मान्यता नहीं दी, क्योंकि वह दस्तावेज चुनाव आयोग में उपलब्ध नहीं था। यहां महत्त्वपूर्ण सवाल उठता है कि 2019 के आम चुनाव और फिर विधानसभा चुनाव के लिए जो पार्टी प्रत्याशी पत्र जारी किए गए और जिन्हें चुनाव आयोग ने स्वीकार भी किया, उन पर किसके हस्ताक्षर थे? यहां उद्धव ठाकरे संवैधानिक कैसे हो सकते हैं? महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्पीकर के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि अब बालासाहेब का चुनाव चिन्ह उनका हो गया है। स्पीकर के फैसले तक चुनाव आयोग ने शिवसेना के चुनाव चिन्ह को फ्रीज कर दिया था। संविधान पर चुनाव आयोग और स्पीकर को स्पष्टीकरण देने चाहिए, क्योंकि यह संविधान से जुड़ा मामला है। स्पीकर नार्वेकर ने अपनी व्यवस्था का आधार 1999 के शिवसेना संविधान को बनाया है, जिसमें तत्कालीन पक्ष प्रमुख बाल ठाकरे ने पार्टी प्रमुख के बजाय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वर्चस्व को स्थापित किया था। सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ का भी मानना है कि विधायक दल से ज्यादा महत्त्वपूर्ण और ताकतवर पार्टी का संगठन होता है, क्योंकि वह ही मूल है। राजनीतिक शाखाएं कई हो सकती हैं। बहरहाल 2024 में 1999 का पार्टी संविधान पूर्णतः प्रासंगिक नहीं हो सकता, क्योंकि उसके बाद 2004, 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव हुए हैं। विधानसभा चुनाव भी हुए हैं। यदि संविधान में संशोधन नहीं किए गए और शिवसेना में संगठनात्मक चुनाव भी नहीं कराए गए, तो बहुत कुछ वैध नहीं था। बल्कि सवालिया ही था।

प्रत्याशी पत्रों पर हस्ताक्षर के सवाल भी लगातार उठेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि स्पीकर के निर्णय के बाद कई कानूनी चुनौतियां सामने आएंगी। हालांकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सत्ता सुरक्षित और स्थिर है। स्पीकर ने किसी भी पक्ष के विधायकों को अयोग्य करार नहीं दिया है, लेकिन शिंदे सेना को अभी जश्न मनाने से परहेज करना चाहिए, क्योंकि उद्धव ठाकरे ने साफ कहा है कि स्पीकर के फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी जाएगी। चूंकि वह इस फैसले को लोकतंत्र, संविधान और 10वीं अनुसूची की हत्या मानते हैं, लिहाजा सर्वोच्च अदालत की समीक्षा चाहेंगे।स्पीकर के सामने एक और विवादास्पद मामला है कि उन्हें 31 जनवरी तक एनसीपी के विभाजन पर भी व्यवस्था देनी है। एनसीपी के 40 से अधिक विधायक सत्तारूढ़ एनडीए के घटक हैं। उपमुख्यमंत्री अजित पवार उनके नेता हैं। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि इस फैसले के बाद अब उद्धव को सुप्रीम कोर्ट जाना होगा। उन्हें सुप्रीम कोर्ट में न्याय मिलने की उम्मीद है। वहीं, महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर का फैसला असंवैधानिक है और यह एक अलोकतांत्रिक फैसला है और यह पार्टी के नियमों के खिलाफ है, उन्होंने स्वीकार किया कि असली शिवसेना 1999 थी, उन्होंने दोनों पक्षों के किसी भी विधायक को अयोग्य नहीं ठहराया। हमें सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है। इस फैसले के बाद लोकतंत्र खतरे में है और बीजेपी को इस फैसले से दिक्कत होगी। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि जो लोग ऐसे समझते हैं कि इसमें किसी प्रकार की अनियमतता हुई है, तो क्या अनियमतता हुई है, पहले वो बताएं? केवल आरोप लगाना आसान है, लेकिन उन आरोपों को सिद्ध करना मुश्किल है। खासकर की तब जब निर्णय कानून के आधार पर लिया हुआ होता है। प्रत्येक नागरिक को सर्वोच्च न्यायालय में जाने का अधिकार है, लेकिन कोर्ट जाने के बाद आपको यह सिद्ध करना पड़ेगा कि हमारे द्वारा दिया गया निर्णय अवैध है। महाराष्ट्र का राजनीतिक घमासान अभी जारी रहेगा और लोकसभा चुनाव करीब तीन माह दूर ही हैं। इसी साल विधानसभा चुनाव भी होने हैं। शिंदे सेना की मुसीबतें समाप्त होती नहीं लगतीं। बल्कि गठबंधन के भीतर से ही मुसीबतें झांकती नजर आएंगी। भाजपा बहुत बड़ी पार्टी है। विकल्प के तौर पर उसके पास अजित पवार का गुट है, जो महाराष्ट्र में भिन्न इलाके भाजपा को दिखा सकता है। भाजपा उन इलाकों में अपेक्षाकृत कमजोर रही है। बहुत कुछ आम चुनाव से पहले ही स्पष्ट हो जाएगा।

## कविता

### अंतरिक गुनाहगर

उन्होंने कहा
हम बहुत अच्छे हैं
हमने कहा
होंगे अपनी नजर में।

उन्होंने कहा
हम दिलकश इश्क करते हैं
हमने कहा
करते होगे गैरों से।

उन्होंने कहा
हम सिकंदर हैं हर काम में
हमने कहा
होगे बस इस दुनिया के।

उन्होंने कहा
हम जानते हैं हर किसी को यहां
हमने कहा
जानते होगे बस इस दुनिया में।

डॉ.राजीव डोगरा

## गासागर में होता है गंगा का सागर से मिलन

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**गंगासागर** में मकर संक्रान्ति पर प्रतिवर्ष बहुत विशाल मेला भरता है। जिसमें दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु गंगा सागर स्नान के लिए आते हैं। मकर संक्रांति पर जैसे ही सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। लाखों तीर्थयात्री पवित्र संगम पर डुबकी लगाते हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगासागर में जो श्रद्धालु एक बार स्नान करता है उसे 10 अश्वमेध यज्ञ और एक हजार गाय दान करने का फल मिलता है। गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है। भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर के नाम से जाना जाता है। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। कुम्भ मेले को छोडकर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। जहां मकर संक्रान्ति के मौके पर दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है। मान्यता के अनुसार साल की 12 संक्रान्तियों में मकर संक्रान्ति का सबसे महत्व ज्यादा है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरू हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिण्डदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मान्यतानुसार जो युवतियां यहां पर स्नान करती हैं। उन्हें अपनी इच्छानुसार वर तथा युवकों को स्वेच्छित वधु प्राप्त होती है। मेले में आये लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मन्दिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भागीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं।

गंगासागर में मकर संक्रान्ति से पन्द्रह दिन पहले ही मेला शुरू हो जाता है। मेले में दुनिया के विभिन्न भागों से तीर्थयात्री, साधु-संत आते हैं और संगम में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। मेले की विशालता के कारण लोग इसे मिनी कुंभ मेला भी कहते हैं। मकर संक्रान्ति के दिन यहां सूर्यपूजा के साथ विशेष तौर कपिल मुनि की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि ऋषि-मुनियों के लिए गृहस्थ आश्रम या पारिवारिक जीवन वर्जित होता है। भगवान विष्णु जी के कहने पर कपिलमुनी के पिता कर्दम ऋषि ने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। उन्होने विष्णु भगवान से शर्त रखी कि भगवान विष्णु को उनके पुत्र रूप में जन्म लेंना होगा। भगवान विष्णु ने शर्त मान ली फलस्वरुप कपिलमुनी का जन्म हुआ जिन्हें विष्णु का अवतार माना गया। आगे चल कर गंगा और सागर के मिलन स्थल पर कपिल मुनि आश्रम बना कर तप करने लगे। इस दौरान राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ आयोजित किया। इस के बाद यज्ञ के अश्वों को स्वतंत्र छोड़ा गया।

## विचार

### अयोध्या धाम बनेगा संसार का सबसे पवित्र तीर्थ लोकप्रिय पर्यटन स्थल

**आर.के. सिन्हा**

**अयोध्या** में भव्य राम मंदिर के निर्माण को लेकर आज न सिर्फ भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में अपूर्व आस्था और उत्साह का माहौल है। यहाँ तक कि पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान की सभी टी ० वी० चैनलों पर भी श्री राम और अयोध्या धाम की ही चर्चा चल रही है ! यह एक ऐसा अवसर है, जिसका इंतजार भारत कई शताब्दियों से कर रहा था। लंबे संघर्ष और विवाद के बाद नौ नवंबर, 2019 को सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के साथ शुरू हुआ अयोध्या में मंदिर निर्माण का सफर 22 जनवरी को एक बड़ी पूणार्हुति को प्राप्त करेगा। नव्य और भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ एक ऐसा ऐतिहासिक चरण पूरा होगा, जो आधुनिक भारत में सांस्कृतिक नवजागरण का शीर्ष साक्ष्य होगा। 30 दिसंबर 2023 को अयोध्या और उसके आसपास के क्षेत्र में 11,100 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज का भारत पुरातन और नूतन दोनों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है। अयोध्याधाम के साथ विकसित हो रहा भगवान राम का जन्मस्थान मंदिर आधुनिक भारत का एक ऐसा महान तीर्थ बनने जा रहा है, जो माननीय प्रधानमंत्री जी के विरासत और विकास के विजन के अनुरूप है। दुनिया में कोई भी देश हो, अगर उसे विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचना है, तो उसे अपनी पुरातन विरासत को तो संभालना ही होगा। हमारी विरासत, हमें प्रेरणा देती है, हमें सही मार्ग दिखाती है। आज अयोध्या की शोभा देखते ही बनती है। सूर्यवंशी राजा राम की नगरी अयोध्या में जगह-जगह सूर्यस्तंभ लगाए जा रहे हैं। मंदिर परिसर में कांस्य की बनी विशाल जटायु प्रतिमा भी लगाई गई है। प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में हवाई अड्डे का लोकार्पण करते हुए तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के यहां आने की सुगमता पहले ही बढ़ा दी है। हाईटेक रेलवे स्टेशन के निर्माण से तो अयोध्याधाम की कनेक्टिविटी और भी बढ़ गई है। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से लेकर यहां पर चल रही विकास परियोजनाओं को समय पर लागू करने का श्रे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी जाता है। उन्होंने दिन-रात मेहनत कर यह सुनिश्चित किया ताकि अयोध्या को संसार के सबसे प्रमुख तीर्थ स्थल का दर्जा प्राप्त हो जाए। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे देश से श्रद्धालुओं का आना बढ़ जाएगा।

यहां बनने जा रही नई टाउनशीप यहां के लोगों का जीवन और आसान बनाएगी। इसके लिए कई स्तरों पर कई क्षेत्रों में तेजी से कार्य हो रहा है। आवाजाही की सुगमता के लिए यहां जगह-जगह मल्टीलेवल पार्किंग बन रही है। यहां इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने की भी पर्याप्त सुविधा भी रहेगी। अयोध्या में भक्तिपथ, रामपथ, जन्मभूमि पथ, धर्मपथ आदि का लोकार्पण भी होना है। इसी तरह नए मेडिकल कॉलेज से यहां आरोग्य की सुविधाओं को और विस्तार मिलेगा। सरयू नदी में गिरने वाले दूषित पानी को रोकने के लिए भी काम शुरू हुआ है। राम की पैड़ी को एक नया स्वरूप दिया गया हैक सरयू किनारे नए-नए घाटों का विकास हो रहा हैक यहां के सभी प्राचीन कुंडों का पुनरुद्धार किया जा रहा हैकलता मंगेशकर चौक हो या राम कथा स्थल, ये आज अयोध्या की पहचान बढ़ा रहे हैं। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के साथ रोजगार के कई अवसर सृजित हो रहे हैं। विगत तीन वर्षों में विश्व ने अयोध्या की भव्य दीपावली देखी है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश-विदेश में उत्साह है। समारोह के लिए थाईलैंड के राजा ने वहां की मिट्टी भेजी है। कंबोडिया से सुगंधित हल्दी आई है। कई और देशों से इस महान अवसर के लिए अनमोल भेंट आने का सिलसिला जारी है। इसी तरह देश के विभिन्न प्रदेशों से भी भेंट और पूजन सामग्री अयोध्या पहुंच रही है। जोधपुर से 600 किलोग्राम गाय का घी आया है, तो जनकपुर से मिथिला आर्ट पेंटिंग आई है। इस पेंटिंग में माता सीता के धरती की गोद से जन्म से लेकर उनका प्रभु राम से विवाह तक के प्रसंगों को दशार्या गया है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### अवसरवाद और सत्ता लोलुपता

**संजीव**

**देश में** अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और अदूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं'

राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती है' जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है।

अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैं' भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैं' यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैं'।

### सर्दी है सर्दी

**डॉ. सुरेश कुमार**

**चुनावों** का सुहाना मौसम तब परेशानी का सबब बन जाता है, जब थोड़ी-सी लापरवाही से अपना मेंढ़क विरोधी तालाब में उछल-कूद करता हुआ चला जाता है। हालांकि सावधानी बरतें, तो इस चुनावी मौसम का पूरा लुत्फ उठाया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले मेंढ़कों के शारीरिक लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए। मसलन चुनावी सर्दी के दिनों में चुपचाप और अलग-थलग रहना ऐसे मेंढ़कों के लिए आम बात है। अगर तीन-चार दिन में यह व्यवहार ठीक न हो या इसका उपचार न किया जाए तो यह उनके उछलने का संकेत हो सकता है। नाक-भौं सिकुड़ना, आँखें चुराना, लगातार दूसरों से फोन पर बात करना, अपने नेता का कहा सुनाई न देना, बदन का सिकुड़ना, सिर या आंखों का अजीबोगरीब हरकतें करना, विरोधी पार्टी का हल्का बुखार, अपनी पार्टी के प्रति गले में खराश के साथ हल्का दर्द होना आदि भी दल बदलने के संकेत हैं।

**कैसे करें कंट्रोल**

ज्यादातर इस तरह के लक्षण चुनाव के समय ही दिखाई देते हैं। इसलिए टिकट बांटने से पहले ही इन लक्षणों से बचाव शुरू कर देना चाहिए। चुनावी सर्दियों की सुबह आंख खुलते ही बिस्तर पर ही मोजे और टोपी समेत गर्म कपड़े पहना दें। नहीं तो दूसरी पार्टियों की ठंड लग सकती है। ये कपड़े रात को सोने से पहले ही उनके पास रख दें। जब बाहर निकलें, तब इधर-उधर न जा पाएँ, इसके लिए कड़ी नजर रखनी चाहिए। ध्यान रहे कि पार्टी कार्यालय के अतिरिक्त इधर-उधर घूमने से दूसरी पार्टी का बुखार चढ़ सकता है। उठते ही विरोधी पार्टियों के समाचार पत्र या न्यूज चैनल न देखें। ब्रश, शेव आदि अपनी पार्टी के गर्म कपड़े पहनकर ही करें। कई नेता एक ही पार्टी के पुरानी सोच वाले कपड़े पहनने से ऊब जाते हैं।

ऐसे में दूसरी पार्टी के कपड़े पहनकर तरोताजा महसूस करने की चेष्टा करते हैं। वे सोचते हैं कि ऐसा करने से सभी बीमारियों पर जीत मिल जाएगी। ऐसे नेता मेंढ़कों के बाप और गिरगिटों के ताऊ होते हैं। पल में इधर से उधर होने में देरी नहीं करते। ऐसे नाजुक समय में अपनी पार्टी की डांट का खट्टा या ठंडा न खिलाएं।

## न्यूज फ्लैश

### पुरखास गांव में मकानों के साथ पंचायती जमीन में मिला युवक का शव

**गन्नौर।** पुरखास गांव में मकानों के साथ लगती पंचायती जमीन में शुक्रवार को गांव के 40 वर्षीय युवक का शव मिला। आसपास के लोगों ने सुबह शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने 174 की कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। बताया गया कि मृतक युवक शराब पीता था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाह थाना प्रबंधक देशराज ने बताया कि पुलिस ने मामले में अभी 174 की कार्रवाई की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची गांव रमाना-रमानी और सांवत

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**विकसित भारत** संकल्प यात्रा आज नीलोखेड़ी हल्का के गांव रमाना रमानी और सांवत पहुंची। गांव रमाना रमानी में भाजपा नेता मेहर सिंह कलामपुरा तथा सांवत में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर भी मौजूद रहे।

गांव रमाना रमानी में मेहर सिंह कलामपुरा ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता की सेवा करने का जो कम्पटीशन है वह अन्य राजनीतिक दलों में नहीं। सत्ता उन लोगों के हाथों में ही होनी चाहिए जो खुद की बजाय जनता का ख्याल रखें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल दीपक की तरह खुद को जलाकर समाज की भलाई के लिए काम कर रहे हैं। गांव में पहुंचने पर सरपंच मलकीत सिंह ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। मुख्यातिथि ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। मुख्यातिथि ने सभी को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई।

गांव सांवत में बतौर मुख्यातिथि पहुंची भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान का सरपंच सुमन देवी ने फूल मालाओं से स्वागत किया। मीना चौहान ने दयालु योजना को गरीबों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि यदि किसी गरीब परिवार में कोई सदस्य दिवंगत हो जाता है तो योजना के तहत सरकार की ओर से परिवार को एक से 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

**सरकार की सभी योजनाएं समाज के वंचित व्यक्ति तक पहुंचाना अधिकारियों की जिम्मेवारी : धर्मपाल गोंदर** इस मौके पर नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा हरियाणा में 29 नवंबर को शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा दिन-प्रतिदिन लाभार्थियों में नया जोश भर रही है। प्रदेशभर में हर दिन लाखों लोग यात्रा से जुडक? लाभान्वित हो रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति के मामले में हरियाणा् देशभर में पहले स्थान पर है। उन्होंने 2047 में देश को विकसित राष्ट्रों की सूची में शामिल करने के लिए किए जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास को पूर्ण करने में सभी लोगों के सहयोग की अपील की और लोगों को संकल्प भी दिलाया। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में हरियाणा प्रदेश आगे भी पहले पायदान पर बना रहे, इसके लिए अधिकारी लगातार कड़ी मेहनत और लगन से अपने कर्तव्यों का निवर्हन करते रहें। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाएं समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति तक पहुंचाना अधिकारियों की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने अब ऐसी व्यवस्था बनाई है कि गरीब लाभपात्रों योजना का लाभ लेने के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। भविष्य में इसके और भी बेहतरीन परिणाम देखने को मिलेंगे।

### डाबर कंपनी के चैयरमैन मोहित बर्मन और गौरव बर्मन ईडी के निशाने पर

**नई दिल्ली।** सट्टेबाजी के लिए कुख्यात एप 'महादेव बेटिंग एप' मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने डाबर ग्रुप के निदेशक गौरव बर्मन और कंपनी के अध्यक्ष मोहित बर्मन के इंफॉर्मेशन रिपोर्ट ( ईसीआईआर) दर्ज कर ली है। सूत्रों की मानें तो ईडी जल्द ही बर्मन बंधुओं को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए तलब कर सकती है। ईडी ने मुंबई पुलिस द्वारा महादेव सट्टेबाजी एप के संबंध में डाबर ग्रुप के निदेशक गौरव बर्मन और कंपनी के अध्यक्ष मोहित बर्मन सहित 32 लोगों के खिलाफ दर्ज मामले के आधार पर इंफॉर्मेशन रिपोर्ट ( ईसीआईआर) लिखी है। उल्लेखनीय है कि सट्टेबाजी के लिए कुख्यात एप 'महादेव बेटिंग एप' मामले में प्रवर्तन निदेशालय जांच कर रही है। इस मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम भी सामने आया है। मुबंई पुलिस द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) के अनुसार, कथित महादेव सट्टेबाजी एप में कथित आरोपी के रूप में मोहित बर्मन 16वें और गौरव बर्मन 18वें नंबर आरोपी हैं। इस मामले में पहली शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश बनकर ने माटुंगा पुलिस में दर्ज कराई थी। इसमें दावा किया गया था कि सट्टेबाजी ऐप के जरिए हजारों लोगों से 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की गई है। माटुंगा पुलिस ने भारतीय दंड संहिता, जुआ अधिनियम, आईटी अधिनियम की विभिन्न धाराओं को लागू करते हुए एफआईआर दर्ज की थी।

# अब पेटीएम एप से भी कर सकते है ट्रैफिक चालान का भुगतानः एसपी अजीत सिंह

## हरियाणा पुलिस द्वारा इसी को ध्यान में रखते हुए आमजन को यह सुविधा देते हुए पेटीएम एप की मार्फत ट्रैफिक चालान का भुगतान करने की सुविधा प्रदान की

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**पुलिस अधीक्षक** अजीत सिंह शेखावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले ट्रैफिक चालान केवल कैश राशि में भुगतान होता था। अब चालान का भुगतान करना आसान हो गया है। ट्रैफिक पुलिस ने पहली बार जुमार्ने की राशि के लिए ऑनलाइन भुगतान स्वीकार करना शुरू कर दिया है। यह भुगतान ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पेटीएम एप के माध्यम से कर सकते है। जब उल्लंघनकर्ता यातायात नियमों की अवहेलना करते हैं तो विवादों से बचने और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के



लिए हरियाणा ट्रैफिक पुलिस द्वारा यह पहल की गई है। इस पहल के पीछे यह सोच है कि ट्रैफिक चालानों को चुकाने का सबसे आसान तरीका डिजिटल भुगतान है। आज के दौर में आमजन

**सुविधा**

**8 "रिचार्ज और बिल भुगतान" का चयन करें और "चालान" का पता लगाने और चयन करने के लिए नीचे स्क्रॉल करें**

किसी भी लेनदेन के लिए कैश पेमेंट की तुलना में डिजिटल भुगतान को प्राथमिकता देते हैं।

**ऐसे करें भुगतानः** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि अपने स्मार्टफोन पर पेटीएम एप के माध्यम से अपने ट्रैफिक चालान का भुगतान करने के लिए, एप्लिकेशन खोलकर शुरूआत करें। "रिचार्ज और बिल भुगतान" अनुभाग का चयन करें और "चालान" का पता लगाने और चयन करने के लिए नीचे स्क्रॉल करें। दिखाई देने वाले विकल्पों में से, प्रासंगिक यातायात प्राधिकरण के रूप में "हरियाणा ट्रैफिक पुलिस" चुनें।

आवश्यक विवरण दर्ज करें, जैसे आपका चालान नंबर, वाहन पंजीकरण नंबर, या ड्राइविंग लाइसेंस नंबर। जुमार्ना राशि के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए "आगे बढ़ें" पर क्लिक करें तथा भुगतान करें।

# स्वामी विवेकानंद-युवाओं के एक आदर्श विषय पर लेखन प्रतियोगिता



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय मुरथल में प्राचार्या डा. संगीता सपरा की अध्यक्षता में महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद-युवाओं के एक आदर्श के रूप में और स्वामी विवेकानंद का सामाजिक चेतना में योगदान विषय पर आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी अंकित ने परिणामों की घोषणा की। जिसमें बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी ने प्रथम ,एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा चंचल ने द्वितीय एवं अनु बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा तथा कृष्णा एमएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डा. कोमल वर्मा ,एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी, डा.पूनम देवी असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी एवं डा.रश्मि असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी ने निभाई।

प्राचार्या डॉक्टर संगीता सपरा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करके आप अपने जीवन में महान लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

### राजनीति से ऊपर उठकर अयोध्या में श्री रामलला का उत्सव मनाएंः प्रवेश

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। समाजसेवी** प्रवेश गाबा ने कहा कि अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह भारत के लिए ऐतिहासिक पल है। इस पल को राजनैतिक मतभेद भुलाकर सभी को एक उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। भगवान श्री राम किसी एक के न होकर, बल्कि पूरे संसार के थे। जिन्होंने धर्म की खातिर अपने व्यक्तिगत सुखों का त्याग किया।

उन्होंने कहा कि भगवान राम से प्रेरणा मिलती है कि भाई के लिए त्याग किस तरह से किया जाता है, पिता की आज्ञा किस तरह मानी जाती है।

# कार्यकर्ताओं संग महारैली के लिए विचार विमर्श किया

## आप जिलाध्यक्ष मास्टर सतनाराय[illegible]आंतिल की चाची की तेहरवीं पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**

**आम** आदमी पार्टी शिक्षा सैल के जिलाध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल की चाची स्वर्गीय पतासों देवी की तेहरवीं पर आप के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद बहालगढ़ स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओ से 28 जनवरी को होने वाली महारैली के लिए विचार विमर्श किया। ढांडा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में आम आमदी पार्टी की सरकार बनेगी। प्रदेश में दिन- प्रतिदिन पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि महारैली को लेकर भी प्रदेश की जनता उत्साहित है। प्रदेश में आम



आदमी की सरकार आने पर दिल्ली जैसी, चिकित्सा, शिक्षा व अन्य सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने कहा कि 28 जनवरी को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 28 जनवरी को हरियाणा आएंगे और बदलाव महारैली करेंगे।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में भाजपा को प्रदेश की सत्ता से बेदखल करने के लिए तैयार है।

इसलिए भाजपा सरकार ईडी के जरिए अरविंद केजरीवाल के बढ़ते कदमों को रोकने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। इसलिए आम आदमी पार्टी के नेताओं को लगातार गिरफ्तार किया जा रहा है। ऐसा लगता है अरविंद केजरीवाल को भेजे जाने वाला समन भाजपा के कार्यालय से तैयार होता है। भाजपा सरकार लोकसभा चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहती है, ताकि अरविंद केजरीवाल प्रचार न कर सके। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारी मौजूद थे।

### 'अंतिम पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही पीएम व सीएम का लक्ष्य'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। नीलोखेड़ी** से विधायक धर्मपाल गोंदर ने शुक्रवार को निसिंग नगर पालिका क्षेत्र में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार अंतिम और गरीब व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ऐतिहासिक फैसले ले रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज किया है, इसके माध्यम से गरीब और पिछड़े लाभार्थी केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारण्टी वाली गाड़ी गरीब और वंचित लोगों तक पहुंच रही है। अंतिम पात्र व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का लक्ष्य है। हम सबको मिलकर 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का सपना पूरा करना है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा वंचित वर्ग तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्क्रीन पर संबोधन भी सुना।

# लाइफ स्किल डेवलोपमेंट एंड फन कैंप का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। शिक्षा** विभाग के निर्देशानुसार क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों में लाइफ स्किल डेवलोपमेंट एंड फन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में एक विद्यालय से 50 लड़कियों ने भाग लिया। इस कैंप में माडल संस्कृति विद्यालय गन्नौर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गन्नौर, खेड़ी गुझजर, पांची जाटान व सांदल कलां शामिल रहे। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से आए रिसोर्स पर्सन ने विद्यार्थियों को जीवन में काम आने वाली कौशिल विशेष के बारे चर्चा की। बतौर



रिसोर्स पर्सन स्वास्थ्य विभाग से अनीता ने लड़कियों को व्यक्तिगत स्वच्छता तथा सेंट्रल बैंक से मनदीप कुमार ने बच्चों को बचत खाते का लाभ तथा साइबर क्राइम से सावधानियों के बारे में अवगत कराया। गृह विज्ञान की अध्यापिका ने लड़कियों को विभिन्न प्रकार के अचार व जैम बनाने की विधियों का बारे में बताया। कैंप के आखिरी दिन आज सभी विद्यार्थियों ने कौशल से संबंधित प्रदर्शनी लगाई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र दिए गए।

# 'योगाभ्यास से ही स्वस्थ जीवन की कामना की जा सकती है'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। भारत** स्वाभिमान, पतंजलि योग समित्ति एवम आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती के शुभ अवसर पर तीन दिवसीय योग विज्ञान शिविर का आयोजन एमडीडी बाल भवन फूसगढ़ रोड में किया गया। बाल भवन के निदेशक पीआर नाथ ने योगा टीम का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष सोमनाथ अरोड़ा ने वेद मंत्रों के साथ शिविर का शुभारंभ किया। योग्गिंग जॉगिंग के 12 अभ्यास बड़ी सहजता के साथ सिखाये। ताड़ आसन, वृक्ष आसन, उत्कट आसन एवम वृक्ष आसन का अभ्यास यॉग शिक्षक सोमपाल राणा ने करवाए। उन्होंने बताया कि ताड़ आसन से बच्चों की एकाग्रता में सुधार आता है तथा कद वृद्धि में सहायक है। आयुष विभाग से डॉ. अमित पुंज ने बच्चों को स्मरण शक्ति बढ़ाने वाले पादहस्तासन आदि विशेष योगाभ्यास करवाये।

# 'हर हिंदू की इच्छा है श्रीराम मंदिर का निर्माण'

## प्रदेश वरिष्ठ भाजपा नेता अमित बिंदल ने अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण यात्रा का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**प्रदेश वरिष्ठ** भाजपा नेता अमित बिंदल ने अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण यात्रा का आरंभ किया है। शुक्रवार को खरखौदा विधानसभा से यात्रा की शुरूआत की गई है। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर खरखौदा की जयनारायण धर्मशाला ठाकुर जी की रसोई, दिल्ली रोड पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान भाजपा नेता अमित बिंदल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीराम मंदिर का निर्माण हर हिंदू की इच्छा

**संपर्क अभियान**

**8 खरखौदा की जयनारायण धर्मशाला ठाकुर जी की रसोई, दिल्ली रोड पर कार्यक्रम का आयोजन किया**

थी। इस इच्छा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने पूरा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वो कर के दिखाते हैं। चाहे वो पुलवामा हमला का बदला लेना हो, जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना हो या फिर अब राम मंदिर का निर्माण करना हो। नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है तो पूरी होगी ही। आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है, इसीलिये आने वाले चुनावों में भाजपा भारी बहुमत के साथ फिर से सरकार बनाएगी। इस दौरान अमित बिंदल ने सभी को शपथ दिलाई कि एक दिया राम के नाम का जलाना है। कार्यक्रम से पूर्व भाजपा नेता अमित बिंदल ने श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण देने के लिये खरखौदा में डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाया।

### राता कलां के पूर्व सरपंच प्रीतम टिल्लू को पितृ शोक

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** गांव राता कलां के पूर्व सरपंच तथा जाने माने समाजसेवी प्रीतम उर्फ टिल्लू के पिता श्रीकृष्ण चन्द ठेकेदार का हृदय गति रुकने से देहांत हो गया। वे 74 वर्ष के थे,उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव राता में कर दिया गया गया। वे भारतीय सेना से सेवानिवृत हो कर अब सामाजिक कार्यों के अलावा खेती-किसानी करते थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने पहुंच कर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।इस मौके पर पुर्व विधायक राव बहादुर सिंह चेयरमैन ने कहा कि कृष्ण ठेकेदार सदैव समाज हित के साथ साथ गरीब, मजदूर व बेसहारा लोगों की सहायता करने में रुचि रखीं।

# नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई

## सरकार की योजनाओं से कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे इसी उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई हुई है : मंत्री ओम प्रकाश यादव

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा शुक्रवार को सतनाली खंड के गांव सुरेहती जाखल व सुरेहती पिलानियां, अटेली खंड के भीलवाड़ा व ताजपुर, निजामपुर खंड के गांवड़ी जाट व निजामपुर, सिहमा खंड के गांव सिहमा व डेरोली अहीर में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई।

गांव सिहमा व डेरोली अहीर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव, गांवड़ी जाट व निजामपुर में नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत



की। सुरेहती जाखल में पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा व सुरेहती पिलानियां में जिला प्रमुख डॉक्टर राकेश कुमार, भीलवाड़ा व ताजपुर में समाज कल्याण बोर्ड के सदस्य सुरेश शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं से कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे इसी उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प

**शपथ**

**8 ताजपुर में समाज कल्याण बोर्ड के सदस्य सुरेश शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की**

यात्रा चलाई हुई है। यह यात्रा गांव-गांव जाकर नागरिकों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दे रही है व योजनाओं का लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आमजन को जन कल्याणकारी नीति बनाकर लाभ दिया है।

# करनाल में बनेगा श्रीनाथ द्वारा की तर्ज पर श्रीनाथ धामः यदुनाथ जी महाराज

## अयोध्या में 500 वर्ष बाद लौटेंगे भगवान श्री राम, इस साल होगा नये युग का सूत्रपात

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। वैष्णव** संप्रदाय के चतुर्थ संप्रदाय वैदिक के तहत पुष्टिमार्ग के संत तथा महाप्रभु श्री वल्लभाचार्य महाराज के 70वें तथा श्री पुरुषोत्तम लाल जी महाराज की चौथी पीढ़ी के प्रतिनिधि श्री यदुनाथ जी महाराज ने कहा कि करनाल में हरियाणा का पहला श्रीनाथ द्वारा की तर्ज पर श्रीनाथ धाम मनाया जाएगा। इसका निर्माण अंसल सिटी में किया जा रहा है। यह अपनी तरह का देश का अनूठा धाम होगा, जहां श्री गोवर्धन नाथ जी की प्रतिष्ठा होगी। गुजरात से आए यदुनाथ जी महाराज ने कहा कि इस साल से



नये युग की शुरूआत हो रही है। भगवान श्री राम 500 साल बाद अयोध्या में पुिर से विराजमान होंगे। यह पूरे विश्व के लिए ऐतिहासिक क्षण होगा। इस वर्ष को इतिहास में युग वर्ष के रूप में लिखा जाएगा। श्री यदुनाथ जी महाराज आज करनाल में हरियाणा और पंजाब की एकमात्र वैष्णव संप्रदाय के तहत पुष्टिमार्ग की हवेली में पहुंचे थे। उन्होंने यहां पत्रकारों से बातचीत के बाद

**अनूठा**

**8 यह अपनी तरह का देश का अनूठा धाम होगा, जहां श्री गोवर्धन नाथ जी की प्रतिष्ठा होगी**

सत्संग को संबोधित किया। यहां पर अन्नकुट उत्सव के साथ-साथ भगवान श्री पुरुषोतम लाल जी महाराज का प्रकट उत्सव मनाया गया। उन्होंने बताया कि दीपावली के बाद तथा बसंत पंचमी से पहले अन्नकूट का उत्सव मनाया जाता है। इसके साथ ही महाराज का प्रकट उत्सव भी मनता है। उन्होंने बताया कि भगवान के नाम पर यदि हम अपने आपको समर्पित कर दें तो फिर चिंता की बात नहीं है। भगवान खुद बेड़ा पार कर देते है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने एक अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया था। गोवर्धन पर्वत प्रसंग यह शिक्षा देता है कि हमें अपने आपको समर्पित कर देना चाहिए। इस अवसर पर कमेटी के प्रधान विजय भाटिया, विनीत भाटिया, केके भाटिया, राजेश भाटिया, कपिल भाटिया, घनश्याम दास भाटिया, रघुनाथ भाटिया, नरेश शर्मा, अशोक भाटिया, नवीन शर्मा, प्रवेश कुमार, भूपेन्द्र भाटिया, कृष्ण कुमार भाटिया सहित समाज के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# कर्ण नगरी से अयोध्या के लिए निकला मनोहर दूत

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दूत के रूप में करनाल निवासी अशोक और मनोज शुक्रवार को श्री राम मंदिर अयोध्या के लिए रवाना हुए। वह 750 किलोमीटर की यात्रा 10 दिन में तय करेंगे। अशोक जहां दौड़ते हुए राम मंदिर पहुंचेंगे, वहीं मनोज साइकिल पर उनके सहयोगी के रूप में यह सफर तय करेंगे। श्री कृपा कृपा धाम सेक्टर-नौ से मेयर रेणु बाला गुप्ता व अन्य गणमान्य लोगों ने अशोक और मनोज को रवाना किया। जय श्री राम के जोरदार जयकारे लगाए गए।

मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि

**आभार**

**8 स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज व मेयर रेणु बाला गुप्ता सहित सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार प्रकट किया**

भगवान श्री राम की कृपा अशोक और मनोज पर बनी रहे। युवा धावक अशोक ने इतनी लंबी यात्रा दौडकर पूरा करने का जो संकल्प लिया है, उसे वह अवश्य पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को प्रधानमंत्री श्री राम मंदिर का उद्घाटन करेंगे। देशवासियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में अलग-अलग जगह भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज का पावन आशीर्वाद लेकर अशोक और मनोज श्री राम मंदिर के लिए रवाना हुए हैं। पर्वतारोही अशोक ने कहा कि प्रभु श्री राम की कृपा से वह करनाल से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दूत बनकर श्री राम मंदिर अयोध्या के लिए जा रहे हैं। उन्होंने स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज व मेयर रेणु बाला गुप्ता सहित सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार प्रकट किया।

# छावनी में कल धूमधाम से निकाली जाएगी 'श्रीराम यात्रा' : अनिल विज

## 'श्रीराम यात्रा' की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में विज ने की चर्चा



**टीम एक्शन इंडीया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर अम्बाला छावनी में कल भव्य श्रीराम यात्रा का आयोजन किया जाएगा। विज श्रीराम यात्रा की तैयारियों को लेकर अपने आवास पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कल श्रीराम यात्रा प्रात : 11 बजे सुभाष पार्क से पैदल निकाली जाएगी जोकि छावनी के प्रमुख बाजारों से होती हुई वापस सुभाष पार्क पर संपन्न होगी। यात्रा सुभाष पार्क से आउटर लार्ज रोड तक फिर यहां से कबाड़ी बाजार मुड़ते हुए निकलसन रोड पर कड़ी चावल वाले चौक तक, फिर यहां से निकलसन रोड होते हुए हलवाई बाजार तक, हलवाई बाजार से पुरानी सब्जी मंडी हनुमान मार्केट चौक तक, यहां से सब्जी मंडी होते हुए डीसी रोड, फिर डीसी रोड पर मुड़ते हुए सदर बाजार चौक तक जाएगी। इसके उपरांत यात्रा निकलसन रोड से क्रास रोड नंबर एक पंजाबी मोहल्ले तक जाएगी, यहां से यात्रा क्रास रोड नंबर एक से आउटर लार्ज रोड होते हुए वापस सुभाष पार्क के समक्ष संपन्न होगी। यात्रा के दौरान पैदल चलते हुए भक्त भजनों पर रामलला का गुणगान करेंगे। यात्रा में बढ़चढ़ कर शामिल होने के लिए सभी वर्गों से आह्वान किया जाएगा। बैठक के दौरान श्रीराम यात्रा के आयोजन को लेकर जिम्मेवारियां सौंपी गई। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि अयोध्या श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर घरों व बाजारों दीयो व रोशनी से जगमग किया जाए। उन्होंने बताया 22 जनवरी के उपरांत अयोध्या जाने के लिए एसी स्पेशल ट्रेन अम्बाला छावनी से अयोध्या तक चलाई जाएगी। ट्रेन में अम्बाला छावनी से हजारों भक्त श्रीराम मंदिर दर्शनों के लिए इस ट्रेन में रवाना होंगे। स्पेशल ट्रेन चलाने को लेकर रेलवे से बातचीत की जा रही है और जल्द ही स्पेशल ट्रेन चलाने की तारीख तय की जाएगी।

**तैयारी**

8 सुभाष पार्क से निकाली जाएगी जोकि छावनी के प्रमुख बाजारों से होती हुई वापस सुभाष पार्क पर संपन्न होगी

बैठक के दौरान भाजपा नेता राजीव गुप्ता डिम्पल, किरणपाल चौहान, विजेंद्र चौहान, बीएस बिंद्रा, संजीव सोनी, श्याम सुंदर अरोड़ा, फकीरचंद सैनी, रामबाबू यादव व नरेंद्र राणा मौजूद रहे।

# 'भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्माण महोत्सव की तैयारियां जोरों पर'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
आचार्य सुभद्र मुनि द्वारा लिखित पुस्तक जिन शासन गौरव भक्ति, भाव, श्रद्धा और समर्पण का अद्भुत संगम है जिसमें 75 से ज्यादा जैन संतों के जीवन को शब्दों में पिरोया गया है। यह पुस्तक सर्व समाज में जैन सिद्धांतों के प्रचार प्रसार में पथ प्रदर्शक साबित होगी। जैन स्थानक सेक्टर 15 में पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्माण महोत्सव की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं, उन्होंने कहा कि जैन धर्म परम्परा में आचार्य का स्थान सर्वोपरि है। उन्होंने आगे कहा कि जैनत्व के दीप को प्रज्वलित करने वाले सुभद्र मुनि महाराज धर्म और दर्शन के उत्तकृष्ट व्याख्याता हैं एवं उदगाता हैं, उनके मुखारविंद से निकले शब्दों को सर्जन के रूप में पुस्तकों में उकेरा जा रहा है।

आचार्य सुभद्र मुनि ने कहा कि भगवान महावीर के संदेश आज के आधुनिक युग में जीवन को संयम से जीने के लिए आवश्यक है, उन्होंने कहा कि इंसान जैनत्व के सिद्धांतों पर चल कर ही मानव जीवन को सार्थक कर सकता है। जैन स्थानक के महामंत्री भूषण जैन ने सभी संतो के मंगल स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि संत चलते फिरते तीर्थ हैं इनके दर्शन मात्र से ही जीव का कल्याण होता है।

कार्यक्रम में इस अवसर पर प्रधान महावीर प्रसाद जैन, जगदीश प्रसाद जैन, पंकज जैन, आदर्श जैन, अरविन्द जैन, अमित जैन, संजय जैन, प्रथम जैन एवं अनेकों जैन अनुयायी उपस्थित रहे।

# 'गुरू के दिखाए बिना कभी भी सही मार्ग नहीं मिल सकता'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** लाडवा के गांव बदरपुर में स्थित शिव मंदिर में गुरु महाराज जनार्दन दास जी की 18वीं बरसी पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी संदीप गर्ग ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की व भंडारे का शुरूआत करवाई। मंदिर के पुजारी शिव कुमार ने बताया कि हर वर्ष की 12 जनवरी को मंदिर परिसर पर गुरु महाराज जनार्दन दास की बरसी मनाई जाती है और हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाता है। वहीं मुख्यातिथि समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि हमें गुरुजनों के दिखाई मार्ग पर चलना चाहिए। क्योंकि गुरु के दिखाए बिना इंसान को कभी भी सही मार्ग नहीं मिल सकता है और हम सभी को उन्हीं के द्वारा दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से गांव में आपसी भाईचारा बढ़ता है और हम सभी को ऐसे आयोजनों में बढ़-कर कर भाग लेना चाहिए। वहीं समाजसेवी संदीप गर्ग ने ग्रामीणों को भंडारे का प्रसाद भी वितरित किया। मौके पर सुनील गर्ग, गुड्डू राम, पाला राम, चन्द्रभान, राजिन्द्र, अजमेर, ओमप्रकाश, राजपाल, जयराम, नरेश कुमार आदि मौजूद थे।

# अवैध खनन को लेकर डीसी डॉ. शालीन ने ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**उपायुक्त** डॉ. शालीन ने अवैध खनन विषय को लेकर सम्बधिंत अधिकारियों की एक बैठक लेकर सम्बधित अधिकारियों को निर्देश दिए की अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जायेगा। जो भी नियमों की अवहेलना करता है, नियमानुसार उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। उपायुक्त आज अपने कार्यालय में अवैध खनन विषय को लेकर जिला स्तर पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।
उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए एजेंडे में रखे बिन्दूवार सम्बधिंत अधिकारियों से समीक्षा की। बैठक के दौरान जिला खनन अधिकारी राजेश कुमार ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि पिछले माह में 24 वाहनों को जब्त करने का काम किया गया हैं। अवैध खनन के तहत संलिप्ता पाए जानेके मामले में 4 व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज करने का काम किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि रिवैन्यू के तौर पर 52 लाख 98 हजार 301 रुपए की राशि भी वसूली गई है। उपायुक्त ने बैठक के दौरान अवैध खनन को रोकने के दृष्टिगत जहां पर नाके लगाए जाने है वहां पर पुलिस फोर्स की उचित व्यवस्था होने बारे भी निर्देश दिए। जिला खनन अधिकारी राजेश कुमार ने उपायुक्त को यह भी बताया कि जिले में 85 ईंट-भट्ठे स्थापित हैं जिनसे माईनिंग रियोल्टि के तौर पर जो राशि है वह ली जा रही है। इनमें से अधिकतर ने माईनिंग रियोल्टि की राशि दे दी है।
डीटीओ सुशील कुमार ने भी बैठक के दौरान उपायुक्त को बताया कि विभाग द्वारा ओवर लोडिंग से सम्बन्धित कार्रवाई नियमित रूप से की जा रही है। उपायुक्त ने जिला खनन अधिकारी, आरटीए को निर्देश दिए कि वे अवैध खनन, ओवर लोडिंग के दृष्टिगत नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ चालानिंग कार्यवाही में तेजी लाएं। किसी भी सूरत में नियमों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**निर्देश**

8 नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ चालानिंग कार्यवाही में तेजी लाएं : डीसी

# पीला पंजा: सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा हटाया



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला शहर के मानव चौक स्थित पीर की दरगाह पर प्रशासन द्वारा पीला पंजा चलाया गया। इस दौरान भारी संख्या में भारी बल मौजूद रहा। गद्दीनशीन इशाक ने बताया कि पिछले कई सालों से यहां दरगाह बनी हुई थी, लोग आस्था के साथ हर वीरवार को यहां पर माथा टेकने के लिए आते थे लेकिन आज सुबह यहां प्रशासन का दस्ता आया और दरगाह को पूरी तरह से तोड़ दिया। वहीं इस मामले में ड्यूटी मजिस्ट्रेट एसडीओ अजयंत ने बताया कि यहां पर पहले भी नोटिस दिए गए थे। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ है। आज प्रशासन की देखरेख में इस कब्जे को हटाया गया है। गद्दीनशीन इशाक ने बताया कि बताया कि उन्हें प्रशासन की तरफ से नोटिस दिए गए थे और बताया गया था कि यह दरगाह सरकारी जमीन पर बनाई गई है। उन्होंने कहा कि लेकिन यह दरगाह काफी पुरानी है और साथ में लोगों की आस्था भी इससे जुड़ी हुई है।
उन्होंने कहा कि यहां पर सैकड़ों लोग माथा टेकने आते हैं। वहीं प्रशासन की कार्रवाई के दौरान दरगाह पर माथा टेकने आने वाले श्रद्धालु भी मौजूद रहे।किसी भी प्रकार की टकराव की स्थिति से निपटने के लिए पुलिसबल और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं प्रशासन का यह भी कहना था कि यदि कोई भी व्यक्ति अतिक्रमण करेगा तो वो बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**अवैध**

8 एसडीओ ने बताया कि पहले भी नोटिस दिए गए थे। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ है

# राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए। जब तक जीना, तब तक सीखना। अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है। यह बात सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने आज स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि कही। इस मौके पर उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) भी मौजूद थी।

# दर्ज स्नैचिंग के मामले में एक आरोपी अरेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पुलिस** अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना बलदेव नगर में दर्ज स्नैचिंग के मामले में 10 जनवरी 2024 को सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिंह के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी रजत सिहँ निवासी गाँव बेरपुरा थाना शहजादपुरा जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।
इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता गौरव कुमार निवासी गावँ जलालपुर ने 30 दिसम्बर 2023 को थाना बलदेव नगर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 दिसम्बर 2023 को आरोपी रजत सिहँ व अन्य ने नारायणगढ़ मोड़ बलदेव नगर अम्बाला शहर के पास से उससे नकद राशि छीन ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल को सौंप दी थी।



# पीएम नरेन्द्र मोदी के सम्मान में आज होगा कार्यक्रम

**समालखा ( कुलदीप सिह )** अयोध्या में स्थित अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नामकरण महाकाव्य रामायण के रचनाकार महर्षि वाल्मीकि करने पर वाल्मीकि समुदाय खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। पीएम नरेन्द्र मोदी के सम्मान में समालखा का वाले वाल्मीकि समाज शनिवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन कर रहा है जिसमें बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद संजय भाटिया को आमंत्रित किया गया है।
उपरोक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्राण रत्नाकर व पार्षद विनोद वाल्मीकि ने संयुक्त रूप से बताया कि महर्षि वाल्मीकि जिन्होंने रामायण जैसे अद्भुत महाकाव्य की रचना की, ऐसे महर्षि प्रभु वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नामकरण करके,उनके करोड़ों अनुयायियों का सम्मान बढ़ाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।
इसलिए समालखा के शिवपुरी रोड पर वाल्मीकि बस्ती में समारोह का आयोजन रखा गया है,जिसमें लोकसभा सांसद संजय भाटिया व नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट अपना उद्बोधन प्रदान करेंगे ।

# विधायक छौक्कर ने सम्मान समारोह का किया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ समालखा (कुलदीप सिह)** समालखा से कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छौक्कर ने शुक्रवार सुबह रेहड़ी खोमचे लगाने वालों का सम्मान समारोह का आयोजन कर कड़ाके की ठंड में राजनीतिक गर्मी लाने का काम किया है। विधायक ने पुराने बस अड्डे पर पुल के नीचे रेहड़ी वालों को एक एक बड़ी छतरी व गर्म चादर वितरित कर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक धर्म सिंह छौक्कर ने प्रदेश की मौजूदा भाजपा सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि सरकार का काम गरीबों को बसाने का होता है,लेकिन मौजूदा सरकार गरीब रेहड़ी वालों को उजाड़ कर अपमानित करने का काम कर रही है। 15-20 दिन पहले जब विधानसभा का सत्र चल रहा था तो उनके पास रेहड़ी वालों ने मैसेज भेजा कि नगर पालिका अतिक्रमण हटाने के नाम पर उनकी रेहड़ी हटवा रही है। तब एक जनप्रतिनिधि होने के नाते इन गरीब रेहड़ी वालों की आवाज विधानसभा में उठाई। विधायक धर्म सिंह छौक्कर ने रेहड़ी वालों को आश्वस्त किया कि जब तक वह विधायक हैं रेहड़ी वालों पर अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। जो रेहडी जहां लगी है उसे हटाने नहीं दिया जाएगा,ओर जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो रेहड़ी पटरी वालों को उचित स्थान दिया जाएगा। आज इन गरीब रेहड़ी खोमचे वालों को सम्मान देने के लिए बारिश से बचाव के लिए एक बड़ी छतरी व ठंड से निजात दिलाने के लिए गर्म चादर वितरित की गई है।

**सम्मानित**

8 विधायक ने पुराने नीचे रेहड़ी वालों को एक एक बड़ी छतरी व गर्म चादर वितरित कर सम्मानित किया

# पांच दिवसीय जीवन कौशल विकास कैम्प का आयोजन किया

**समालखा 12 जनवरी (कुलदीप सिह )** राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा में पाँच दिवसीय जीवन कौशल विकास कैम्प का आयोजन किया गया इसका आज अन्तिम दिन था। इस कैम्प में छात्राओं न बढ़ चढ़कर भाग लिया इस कैम्प में बच्चों को अचार और मुरब्बा कैसे बनाया जाता है सुमन ने बच्चों को अच्छे से समझाया एस. एम. सी प्रधान पूनम ने बच्चों को अपने कौशल को सुधारने के बारे में समझाया पाँच दिवसीय कैम्प मे बच्चों ने जो भी सिखा और बनाया उसकी प्रदर्शनी लगाई बच्चों ने मनमोहक वस्तुएं बनाई पेपर ऊन से लैम्प, रंगील पेपर से झुमर और चुड़िया से सुंगर, रंगीन पेपर से ग्रीटिंग कार्ड रंगो से मटकी को सजाना, गत्ते से लटकून, काँच की बोतल को रंगों से सजाना गत्ले से कुंडादान आदि पाँच दिवसीय कैंप के समापन समारोह में प्रधानाचार्य मधु डागर ने छात्राओं को कौशल सीखने और आत्मनिर्भर बनने की प्ररेणा दी मीनाक्षी, गोमती ने छात्राओं को नई-नई चीजें बनानी सिखाई, पूनम एस. एम. सी. रीना, सुमन, आदि मौजूद रहे।





# 14 जनवरी को गांव खातौली जाट में होगी क्रिकेट प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद नांगल चौधरी** । मकर-संक्रांति के उपलक्ष्य में 14 जनवरी को गांव खातौली जाट में बाबा जोहड़वाला की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। टींकू यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता का शुभारंभ जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा करेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के विजेता को 21 हजार एवं उपविजेता को 11 हजार रुपये का ईनाम दिया जाएगा।

# पांच दिवसीय लाइफ स्किल शिविर का हुआ समापन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर में लाइफ स्किल शिविर के पांचवें एवं अंतिम दिन रेडक्रॉस का प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही नशा मुक्ति के बारे में बच्चों को जागृत किया गया। रेडक्रॉस किरण कुमारी ने बच्चों को प्रशिक्षण दिया तथा बताया कि किस प्रकार से प्राथमिक चिकित्सा की जाए। इसी के साथ प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें शिविर में 5 दिन में किए गए सभी कार्यों को प्रदर्शित किया। इस मौके पर ए.बी.आर.सी. श्वेता एवं बी.आर.पी. कविता ने भी इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# 'भारत का युवा उठ खड़ा हुआ तो दुनिया की कोई ताकत उसे नहीं रोक सकती'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
स्वामी विवेकानंद भारत के उन महापुरुषों में अग्रणी हैं, जो युवाओं में सर्वाधिक लोकप्रिय हैं। वे भारतीय युवा प्रेरणा के प्रतीक पुरुष है। उनका तेजस्वी शरीर और संपूर्ण व्यक्तित्व इतना आकर्षक, प्रभावी, भव्य और उदात्त है कि बरबस ही वह युवाओं को अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। स्वामीजी ने न सिर्फ अपने समय में युवाओं को जाग्रत किया, बल्कि आज भी उनके विचार युवाओं को चुंबक की तरह अपनी ओर खींचने की क्षमता रखते हैं। यह विचार स्वामी विवेकनंद जयंती, मातृभूमि सेवा मिशन के 21वे स्थापना एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा त्रिदिवसीय कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर विकसित भारत के निर्माण में युवा पीढ़ी विषय पर आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक ब्रम्हचारियों द्वारा स्वस्ति वाचन से हुआ। इस अवसर पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर एवं कुरुक्षेत्र संस्कृत वेद विद्यालय के विद्यार्थियो द्वारा लोकमंगल के निमित्त वैदिक यज्ञ संपन्न हुई। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा स्वामी विवेकानंद का मानना था कि किसी भी समाज व राष्ट्र की मूलभूत चेतना उसकी युवा शक्ति में ही निवास करती है। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा आज भारत की युवा पीढ़ी के दृढ संकल्प एवं अदम्य साहस से ही विकसित भारत का निर्माण हो सकता है। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि एक बार यदि भारत का युवा पूरे संकल्प के साथ उठ खड़ा हुआ तो दुनिया की कोई ताकत उसे नहीं रोक सकती। आज हम देखते हैं कि स्वामी विवेकानंद की यह भविष्यवाणी कई मायनों में सच हो रही है। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि समाजसेवी धर्मपाल सैनी ने कहा मातृभूमि सेवा मिशन स्वामी विवेकानंद के विचारों और संदेशो हर विगत 21 वर्ष से आत्मसात कर वास्तविक रूप से राष्ट्र निर्माण के कार्य में समर्पित है और देश की वर्तमान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत का कार्य कर रहा है। मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा विगत 21 वर्षों में समाज के अनेक असहाय एवं जरूरतमंद बच्चों को आत्मनिर्भर बनाकर राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ा गया है।
कार्यक्रम का आचार्य ब्रम्हचारी नवीन ने किया। युवा पीढ़ी को निःस्वार्थ भाव से वैदिक एवं गुरुशिष्य परम्परा में शिक्षा देने के लिए कुरुक्षेत्र संस्कृत वेद विद्यालय के आचार्य नरेश कौशिक को मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।



**आह्वान**

8 स्वामी विवेकानंद भारत के उन महापुरुषों में अग्रणी हैं, जो युवाओं में सर्वाधिक लोकप्रिय हैं

# अवैध पार्किंग लोगों के लिए बनी जी का जंजाल






**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली/ महेंद्र सिंह**
**जहां एक** ओर तो दिल्ली वासी बढ़ते हुए वायु प्रदूषण की समस्या से जूझ रहे है और बढ़ते हुए इस पॉल्यूशन की वजह से लोगों का खुली हवा में सांस लेना भी दूभर हो गया है। वहीं दूसरी और अवैध पार्किंग और अवैध कब्जों ने स्थानीय लोगों की नांक में दम कर रखा है। यहां पर हम बात कर रहे है मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित पार्ट-2 की। कहने को तो मॉडल टाउन दिल्ली की पॉश कॉलोनियों में से एक है, लेकिन फिर भी अवैध पार्किंग की समस्या से यह इलाका भी अछूता नहीं रहा है। क्योंकि यहां के लोग काफी लंबे समय से अवैध पार्किंग की समस्या से जूझ रहें है।

**बेतरतीब पार्किंग बनी जी का जंजालः** जहां एक ओर तो बेलगाम सड़कों पर दौड़ते बैटरी रिक्शा व शैयरिंग ऑटो चालक यातायात जाम की जड़ बने बैठें है, वहीं दूसरी ओर मॉडल टाउन पार्ट-2 में बिना पार्किंग के बने शॉपिंग मॉल की वजह से भी मुख्य सड़कों पर जाम लग जाता है, क्योंकि मॉल में आए लोग पार्किंग न होने की वजह से सडकों पर ही बेतरतीब वाहन पार्क करके चले जाते है, नतीजन सड़को पर गाड़ियों की कतारे लग जाती है।

**क्या कहते है स्थानीय निवासीः** मॉडल टाउन पार्ट-दो में रहने वालें व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनोद वधवा ने बताया कि लोगों ने मुख्य सड़क को ही पार्किंग में तब्दील कर दिया है, जिससे पूरी सड़क संकरी हो गई है, और अगर कोई अनहोनी घटना घटी तो आपातकाल वाहन दमकल और एंबूलेंस जैसे वाहन को भी निकलने में घंटो का समय लगेगा। तो वहीं विजय मेहता ने बताया कि प्रशासन को पार्किंग की इस भयावाह परिस्थिति को लेकर ध्यान देना चाहिए, जिससे कि लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके। मॉडल टाउन पार्ट तीन के रहने वाले व प्रसिद्ध समाज सेवी सुरजीत सिंह ने बताया कि यहां पर अवैध पार्किंग की वजह से जाम लगना तो आम बात हो गई है, निगम और संबंधित शासन प्रशासन को सड़क पर हो रही अवैध पार्किंग को लेकर कार्यवाही करनी चाहिए, जिससे कि क्षेत्र की सड़क कब्जा मुक्त हो सके।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज में देश का इंफ्रास्ट्रक्चर हुआ मजबूत: अनीता यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर-पश्चिमी** क्षेत्र की भाजपा नेत्री अनीता यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से देश के सभी वर्ग के लोग खुश है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है। वह करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के लोग भाजपा के साथ खड़े है और तीसरी बार पीएम मोदी को प्रधानमंत्री बनायेगें।



**भाजपा ने जो कहा वह करके दिखायाः** अनीता यादव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी वादे की पक्की है। जो वादे करती है, उसे पूरा करके दिखाती है। आज भाजपा के राज में देश में विकास हो रहा है। पीएम मोदी जी ने देश में कई योजनाएं लागू की है, जिससे जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।

**पीएम मोदी के राज में देश की अर्थव्यवस्था हुई मजबूतः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च किए, जिससे आज विश्व की हर बड़ी कंपनी देश में अपना निवेश कर रही है। भाजपा के राज में देश का हर व्यक्ति खुश हैं और पीएम मोदी और भाजपा के साथ खड़ी है और भाजपा के कार्यों की सराहना कर रहा है।

## समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय लोगों से रूबरू हुए एसडीएम एम भरानी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सरस्वती विहार** एसडीएम एम भरानी त्रीनगर वार्ड के लोगों की विभिन्न समस्याओं को लेकर क्षेत्रीए जनता से रूबरू हुए। इस दौरान त्रीनगर वार्ड से विभिन्न आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी संग अन्य लोग भी मौजूद रहे, तथा लोगों की समस्याएं सुनी। बैठक का आयोजन त्रीनगर के परशुराम चौक स्थित परशुराम धर्मशाला में किया गया।



**अवैध पार्किंग रहा मुख्य मुद्दाः** बैठक के दौरान क्षेत्रीय लोगों ने इलाके में हो रही अवैध पार्किंग व अवैध रूप से हो रहे कब्जे को लेकर एसडीएम को अवगत करवाया गया तथा एक स्वर में हस्तक्षेप कर कार्यवाही करने की मांग की। वहीं इसी दौरान कई लोगों ने बताया कि परशुराम चौक से शंकर चौक तक अंधेरे की वजह से छीना छपटी जैसी वारदातों की भय बना रहता है, इसलिए वहां पर लाइटें लगवाई जानी चाहिए। वहीं इस दौरान दिल्ली नगर निगम के अंतगर्त आने वाले पार्को का हाल बताया गया, टूटी हुई सड़कों की दुर्दशा से अवगत करवाया, ब्लैक स्पॉट, सामुदायिक भवन, पुस्तकालय, सहित अन्य समस्याओं से अवगत करवाया गया।

**सड़को पर लगा रहता है मवेशियों का जमावड़ाः** मामले में जय माता मार्किट आरडब्ल्यूए के प्रधान राजेंद्र जिंदल ने बताया कि शंकर चौक पर जहां एक ओर तो अवैध पार्किंग की विकराल समस्या है। जिसके चलते क्षेत्र में अनहोनी घटना घटी तो आपातकाल वाहन का आना भी दूभर है। जिंदल ने बताया कि क्षेत्र में आवारा मवेशियों की वजह से भी खासा दिकत्तें आ रहीं है। कई बार तो यह आवारा पशु इतने ज्यादा हिंसक हो जाते है कि आने जाने वाले लोगों पर हमलावर हो जाते है, और कई लोगों को गंभीर रूप से घायल भी कर चुके है।

**जल्द से जल्द होगा निपटाराः** मामले में एसडीएम एम भरानी ने क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द निपटारा करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंनें कहा कि अगर फिर भी क्षेत्रवासियों को फिर भी कोई समस्या हो तो मुझ से संपर्क कर सकते है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का विशाल शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भजनपुरा मण्डल** के पांचवा पुस्ता पर युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लाभकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का विशाल शिविर लगाया गया।



जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद मनोज तिवारी व विधायक अजय महावर, डी एम अरुण मिश्रा, एसडीएम शरत कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष पूनम चौहान आदि रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भजनपुरा मण्डल के अध्यक्ष भुवनेश सिंघल ने की। इस अवसर पर सांसद मनोज तिवारी ने महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत मुफ्त गैस सिलेंडर व गैस चूल्हा आदि वितरित किये। सांसद मनोज ने सभी को विकसित भारत के लक्ष्य की शपथ भी दिलवाई। उन्होंने यह भी कहा कि आज युवा दिवस पर हमें स्वामी विवेकानंद के जीवन से राष्ट्र हेतु समर्पित रहने की प्रेरणा लेनी है। डीएम अरुण मिश्रा ने बताया कि इस प्रकार के शिविर विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिदिन लगाए जा रहे हैं।

## भाजपा जिला अध्यक्ष अनुज सिंह का पदभार ग्रहण व सम्मान समारोह का हुआ आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** जिला केशवपुरम के नवनियुक्त पूर्वांचल मोर्चा जिला अध्यक्ष अनुज सिंह का पदभार ग्रहण व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला केशवपुरम भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता व पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, पूर्वांचल मोर्चा जिला केशवपुरम पूर्व जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह, पूर्वांचल मोर्चा जिला महामंत्री रोशन सिंह, उपाध्यक्ष, पवन झा, उपाध्यक्ष डॉ नृपेंद्र, गोपाल राय, मंडल अध्यक्ष सुभाष झा, भैरव झा, बबीता झा, पिंकी ठाकुर सहित कई गणमान्य लोगों ने पूर्वांचल मोर्चा जिला अध्यक्ष अनुज सिंह को शुभकामनाएं दी।



भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा को जन्मदिन की बधाई देते हुए शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता व पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर व अन्य गणमान्य लोग।

## 22 को पूरा देश मनाएगा उत्सव: अमन वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आने वाली 22** जनवरी को श्री राम जी का निजधाम आयोध्या में पुनः 550 साल बाद आगमन होने जा रहा है, जिसको लेकर सुरक्षा के लिहाज से सरकार ने भी कमर कसी हुई है, तो वहीं उत्सव का माहौल बना हुआ है। तो वहीं 22 जनवरी,2024 को देश के इतिहास में एक स्वर्णिम दिन के रूप में जाना जाएगा। क्योंकि उस दिन अयोध्या में 'राम लला' की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। समाज सेवी व मानवता फाउंडेशन के संस्थापक अमन वर्मा ने कहा कि इस पवित्र अवसर का जश्न मनाने के लिए देश का हर नगर-नगर, राज्य-राज्य



व गांव-गांव अयोध्या और हर मंदिर राम जन्मभूमि बन जाएगा। उन्होंने कहा कि देश इस अवसर को एक और दीपावली के रूप में मनाएगा। वर्मा ने कहा कि 550 वर्षों का संघर्ष अब जाकर सफल हो रहा है।



जहांगीरपुरी वार्ड में कार्यों का निरीक्षण करते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा, रमेश शर्मा व अन्य।

# भलस्वा वार्डः पार्षद अजीत यादव ने किया नई सड़क का उद्घाटन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली विधानसभा** क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले वार्ड-17 में निगम पार्षद अजीत यादव के प्रयासों से मीठा कुआ वाली गली की नई सड़क का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर भलस्वा गांव आरडब्ल्यूए के कई लोग उपस्थित रहे। जिसमें हरिराम यादव, राजपाल यादव, बिल्लू यादव, श्रीभगवान, सतपाल कादयान, राधे श्याम यादव, सुखवीर यादव, रविंद्र यादव, जयपाल यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने निगम पार्षद अजीत यादव का स्वागत किया। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता की जो भी समस्याएं है, उनका समाधान किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाडी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर राज्यपाल ने जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों से किया संवाद

**का-**

**8 समाज के प्रति समर्पित होकर कार्य करेंगे युवा: राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने आज राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं से आह्वान किया कि वे अपना जीवन समाज के प्रति समर्पित करें और वंचित लोगों के उत्थान के लिए कार्य करें। इस तरह युवा स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देने में सक्षम बनेंगे जोकि उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय आज स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आयोजित ह्ययुवा संवाद-2024ह्न कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। कार्यक्रम में हरियाणा के उच्च शिक्षा मंत्री श्री मूलचन्द शर्मा विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में फरीदाबाद से विधायक श्री नरेन्द्र गुप्ता, कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर, कुलसचिव मेहा शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. मुनीश वशिष्ठ, विश्वविद्यालय की एलुमनाई एसोसिएशन वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष श्री सुखदेव सिंह भी उपस्थित थे। इससे पहले राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।
कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों पर अपने विचार प्रस्तुत किये, जिसकी राज्यपाल ने खुले दिल से सराहना की। राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद एक सच्चे कर्मयोगी थे और उन्हें इस देश के युवाओं पर पूरा भरोसा था। उनका दृढ़ विश्वास था कि युवा अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और आध्यात्मिक शक्ति के माध्यम से भारत के भाग्य को बदल सकते हैं। युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद के संदेश का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद देश के लिए ऐसे युवा चालते थे जो जिसके पास लोहे के समान कठोर मांसपेशियां और स्टील के समान फौलादी नसें हों। उसका हृदय विशाल हो।
इस तरह उन्होंने युवाओं में बुनियादी मूल्यों को स्थापित करने की कोशिश की। राज्यपाल ने कहा कि आज के युवा का पूरा ध्यान बुद्धि कौशल पर है, जिससे वह शारीरिक रूप कमजोर होता जा रहा है।

# राज्यपाल ने जेसी बोस विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट व ईआरपी सिस्टम का किया शुभारंभ

**शुभारंभ**

**8 नई वेबसाइट तथा ईआरपी सिस्टम को विवि के कंप्यूटर सेंटर व डिजिटल अफेयर प्रकोष्ठ की टीम ने विकसित किया है।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने आज स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस पर जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद की नई वेबसाइट और नये ईआरपी सिस्टम ह्यसमर्थ ईजीओवी सूटह्न का शुभारंभ किया। नई वेबसाइट तथा नये ईआरपी सिस्टम को विश्वविद्यालय के कंप्यूटर सेंटर व डिजिटल अफेयर प्रकोष्ठ की टीम ने विकसित किया है।
कंप्यूटर सेंटर व डिजिटल अफेयर प्रकोष्ठ की निदेशक प्रो. नीलम दूहन ने राज्यपाल को नई वेबसाइट और ईआरपी सिस्टम की सुविधाओं से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि नई वेबसाइट पहले से ज्यादा सुविधाजनक है तथा इसमें नये तकनीकी फीचर जोड़े गये है।
इसी प्रकार, ह्यसमर्थ ईजीओवी सूटह्न केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की पहल है। नया ईआरपी सिस्टम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप है, जो विश्वविद्यालय में अकादमिक और प्रशासनिक प्रक्रिया को सुविधाजनक बनायेगा।
इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के वर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में हरियाणा के उच्च शिक्षा मंत्री श्री मूलचन्द शर्मा, फरीदाबाद से विधायक श्री नरेन्द्र गुप्ता, कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर, कुलसचिव डॉ मेहा शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. मुनीश वशिष्ठ, प्रो. कोमल भाटिया, विश्वविद्यालय की एलुमनाई एसोसिएशन वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष श्री सुखदेव सिंह तथा सभी डीन एवं विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कार का शीशा तोड़कर साढ़े तीन लाख, आईपैड कागजात किए चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में नागरिक अस्पताल की दीवार के पास खड़ी गाड़ी का शीशा तोड़कर लाखों रुपये की राशि व आईपैड सहित कागजात के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। वेस्ट राम नगर निवासी अश्वनी दहिया ने बताया कि वह अपना निजी काम करता है। गत 11 जनवरी को अपनी गाड़ी लेकर जिम में मेहनत करने के लिए गया था। उसने अपनी गाड़ी को सरकारी अस्पताल की दीवार के साथ खड़ा कर दिया। उसके बाद वह जिम में चला गया। करीब एक घंटे की मेहनत के बाद वह वापिस लौटा। उसकी कार का शीशा टूटा हुआ मिला। किसी ने कार का शीशा तोड़करे कार के अंदर रखा बैग, जिसमें चैक बुक व काम से संबंधित कागजात थे। वहीं कार के अंदर करीब 3 लाख 50 हजार रुपये की नकदी भी रखी हुई थी। किसी ने उसे चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान व राशि की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी विक्रम ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### पेराई सत्र-बॉयलर में खोई सप्लाई करने वाली चेन का बैंरग टूटा, सुबह पांच घटें तक पेराई सत्र रहा बंद

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत:**
दी सहकारिता चीनी मिल सोनीपत में तेज रफ्तार व सुरक्षित चल रहे पेराई सत्र में शुक्रवार अल सुबह तकनीकि खराबी आ गई। जिसके चलते अल सुबह करीब पांच बजे से लेकर दस बजे तक पेराई सत्र को रोकना पड़ा। तकनीकि खराबी को दूर करने के बाद पेराई सत्र को शुरू किया गया। कारखाने में बॉयलर में खोई सप्लाई करने वाली चेन का बैंरग खराब होना कारण बताया जा रहा है। मिल प्रबंधन की तरफ से पेराई सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए हर संभव कदम उठाने का काम किया जा रहा है।
बता दें कि शहर के गांव कामी सड़क मार्ग स्थित सहकारिता चीनी मिल में पेराई सत्र वर्ष 2023-24 की शुरूआत नवंबर माह के अंतिम दिनों में हुई थी। पेराई सत्र शुरू होने के बाद मिल प्रबंधन की तरफ से बेहत्तर तरीके व स्पीड से पेराई सत्र को चलाने का काम किया। प्रबंधन की तरफ से क्षमता के हिसाब से ज्यादा रफ्तार से पेराई सत्र को चलाया जा रहा था।
जिससे गन्ना उत्पादकों के साथ-साथ मिल प्रबंधन खुश था, लेकिन शुक्रवार अल सुबह कारखाने में बॉयलर को सप्लाई करने वाली चेन का बैंरग टूट गया। जिसके चलते पेराई सत्र को रोकने पर मजबूर होना पड़ा। कई घंटों की कड़ी मशक्त के बाद प्रबंधन पेराई सत्र को पटरी पर लाने पर कामयाब हो पाया।
आठ लाख 90 हजार क्विंटल गन्ने की हो चुकी है पेराई-
सोनीपत चीनी मिल प्रशासन द्वारा मौजूदा पेराई सत्र के लिए गन्ना उत्पादकों के साथ 33 लाख क्विंटल गन्ने की बॉडिंग की गई है। सोनीपत चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। अब तक सोनीपत चीनी मिल में 8 लाख 90 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई का काम पूरा किया जा चुका है। मिल प्रशासन की माने तो 15 अप्रैल तक पेराई के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाएगा। इस बार अपेक्षाकृत तेजी से गन्ने की पेराई की जा रही है। गत कई दिनों से क्षमता से ज्यादा करीब 23 हजार क्विंटल गन्ने की स्पीट से गन्ने की पेराई की जा रही है।
देर शाम के 6 बजे तक करीब 7 हजार क्विंटल गन्ने की हुई पेराई-
सोनीपत चीनी मिल में शुक्रवार को ब्रेक डाउन की घटना घटित होने के कारण पेराई की रफ्तार पर भी असर पड़ा। पेराई प्रक्रिया बाधित होने की वजह से एडवांस टोकन बुकिंग पर भी असर दिखाई दिया। शुक्रवार को शाम के 6 बजे तक यार्ड में करीब 5500 क्विंटल गन्ना जमा था। वहीं ऑनलाइन एडवांस टोकन के तहत 21 हजार क्विंटल से अधिक गन्ने

## शटर तोड़कर दुकान से पैसे चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा द्वारा अपराध अधिकतर वारदातों में शामिल अपराधियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने चोरी के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हेमंत तथा अनित उर्फ ओपो का नाम शामिल है।
आरोपी हेमंत फरीदाबाद के करनेरा तथा अनित संजय कॉलोनी का रहने वाला है।

# सेल्फ इम्पोवरमेंट से युवा और महिलाएँ लायें समाज में बदलाव: डॉ बिन्नी सरीन

**सम्मेलन**

**8 साइबर फ्रॉड और सेक्स्टोरशन से युवाओं को बचाने की जरूरत: डीआईजी नाजनींन भसीन**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
हरियाणा महिला आयोग की 25वीं वर्षगांठ में दो दिवसीय सम्मेलन के दूसरे दिन नारी शक्तियों और ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट ने अपने विचारों का सांझा किया। हरियाणा राज्य बाल कल्याण की मानद महासचिव श्री मती रंजिता मेहता ने कहा कि बच्चों के प्रति हमारा व्यवहार हमेशा अच्छा होना चाहिए ताकि हम उनको समझा सके की उनको जिंदगी में आगे सही दिशा में जाना है और क्या सही और गलत उसका चुनाव करना है। आज समाज में जब 12 या 13 वर्ष की बच्ची मां बनती है तो उसका भविष्य क्या होगा ऐसा न हो इसके लिए हमें अपने बच्चो को सेक्स एजुकेशन देना बहूत जरूरी है ताकि समय के साथ साथ शरीर में होने वाले बदलाव को वो समझ सकें। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि जो अपने बच्चो का पालन पोषण नहीं कर सकते वह उन्हें कूड़ेदान, झाड़ियों, सार्वजनिक शौचालय में ना फेंके। वह लोग हमारे माध्यम से बच्चो को एडॉप्ट करा सकते है। जिससे उन्हें अच्छी शिक्षा मिले और भविष्य में वे देश की प्रगति का हिस्सा बने। पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ की पहली ट्रांसजेंडर स्टूडेंट धनंजय चौहान ने बताया कि ट्रांसजेंडर एक खूबसूरत शाम की तरह होते है। उन्होंने इतिहास पर बोलते हुए कहा कि भक्ति सूफी व देवदासी प्रथा शुरू करने वाले ट्रांसजेंडर ही थे, आज उन्हें थर्ड जेंडर बना दिया गया है। जब सब लोग एक जैसे है तो जेंडर का भेदभाव समाज में क्यों किया जाता है जबकि ट्रांसजेंडर्स का इतिहास में एहम रोल रहा है। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि ट्रांसजेंडर्स के लिए नौकरी में विशेष प्रावधान करें जिससे ट्रांसजेंडर भी अपने इंटरेस्ट और गोल को प्राप्त कर सकें। माउंटेनियर (एवरेस्टर) अनीता कुण्डू ने कहा कि इंसान अपने विचारों से आगे बड़ता है। विचारों की शक्ति से हम कोई भी उपलब्धि प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि माँ और नारी का समाज में बहुत महत्त्व है तो नारी को सशक्त बना कर हम समाज को आगे बढ़ने में मदद कर सकते हैं। अगर एक महिला ठान ले की मैने दस महिलाओं को सशक्त बनाना है तो जल्द ही समाज में सभी महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर बन जाएगी।

# खजानी वूमैनस वोकेशनल इंस्टीट्यूट में मनाया गया लोहड़ी पर्व

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
एनआईटी स्थित खजानी वूमैनस वोकेशनल इस्ट्टीटयूट में आज लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पांरपरिक पोशाक पहने छात्राओं ने पंजाबी व पाश्चात्य संगीत पर खूब डांस व गिददा करके पूरे संस्थान में खूब धमाल मचाया।
छात्राएं सुन्दर मुन्दरी होए तेरा कौन बेचारा होए लोहड़ी का परंपरागत गीत गाकर पूरे वातावरण में एक अलग ही छठा बिखेर रही थी। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर संजय चौधरी ने कहा कि यह पर्व जीवन में उल्लास बिखेरने वाला पर्व है। उन्होंनें कहा कि लोहड़ी खुशहाली का संदेश लेकर आती है नए साल का यह पहला त्यौहार लोगों के दिलों में खुशियां भर देता है। उन्होंनें कहा कि इस उत्सव को पंजाबी समाज बहुत ही जोश खरोश से मनाता है। लोहड़ी उत्तर भारत का एक प्रसिद्व त्यौहार है और यह मकर संक्राति से एक दिन पहले मनाया जाता है।



## नील गाय को गोली मारने का मामला, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
कुंडली थाना क्षेत्र के गांव बिंधरौली में नील गाय को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने वन्य जीव विभाग के अधिकारी के बयान पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। प्राथमिक उपचार के बाद नील गाय को अस्पताल से जीव रक्षक चिकित्सक केंद्र पर भेज दिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। वन्य जीव विभाग में कार्यरत ईशेंद्र कुमार ने बताया कि गत 11 जनवरी को गांव गढ़ी बिंधरौली में नीलगाय को गोली मारकर घायल कर दिया है।

# गाय एवं घर में माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं: मूलचंद शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/ बल्लभगढ़/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**
प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने ऊंचा गांव की गौशाला पहुंचकर यहां आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने गौशाला में गोधन के चारे के लिए हरियाणा सरकार की तरफ से गौशाला की संस्था के सभी पदाधिकारियों के समक्ष 3 लाख 78 हजार रुपये की धनराशि का चेक भेंट किया। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि जब साल 2014 में वह बल्लभगढ़ विधानसभा के विधायक बनकर गौशाला पहुंचे थे। उस समय गौशाला की हालत बहुत ही दयनीय स्थिति में थी। यहां गहरे गड्ढे बने हुए थे। उन्होंने कहा कि आज गौशाला बहुत ही सुंदर बनी हुई है। उन्होंने इस कार्य के लिए संस्था के सभी पदाधिकारी को सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने भागवत कथा कर रहे व्यास जी महाराज से भी आशीर्वाद लिया। श्रीमद् भागवत कथा सुनाने आए भक्तों को उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि गौशाला में श्रीमद् भागवत कथा का किया जाना बहुत ही गुणकारी है। उन्होंने कहा कि सभी को गाय की सेवा करने एवं घर में माता-पिता की सेवा करने से बडा और कोई पुण्य का काम नहीं है का भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत पाठ सुनने से नहीं बल्कि उसे अपने जीवन में अपनाने से ही लाभ होगा। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि हाल ही में हरियाणा सरकार ने प्रदेश की रजिस्टर्ड गौशालाओं को करीब 20 करोड़ रुपए की धनराशि चारे के लिए जारी की है। जिसमें इस गौशाला के लिए भी 3 लाख 78 की राशि दी गई है। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने सेवा आयोग के माध्यम से हरियाणा में गौ सेवा का जो कार्य किया है, वह बहुत ही सराहनीय है। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने इस अवसर पर ऊंचा गांव के लोगों को साहूपुरा रोड के साथ-साथ मीठे पानी की पाइपलाइन डालने के कार्य का भी मुहूर्त किया ।

# विकसित भारत अभियान को गति देगा कौशल- डॉ. राज नेहरू

**चर्चा**

**8 राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय से भेंट कर कुलपति डॉ. राज नेहरू ने की कौशल के विविध आयामों पर चर्चा**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने शुक्रवार को कुलाधिपति एवं हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात की और कौशल के महा अभियान के विविध आयामों पर उनके साथ विचार विमर्श किया। इस दौरान कुलपति डॉ. राज नेहरू ने उनके समक्ष वर्ष भर के लक्ष्यों एवं क्रियाकलापों का विवरण भी प्रस्तुत किया। विकसित भारत की अवधारणा पर भविष्य के रोड मैप पर भी कुलपति डॉ. राज नेहरू ने चर्चा की और राज्यपाल का मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय विकसित भारत के उद्देश्यों पर केंद्रित करते हुए कौशल को और अधिक व्यापक बनाने की दिशा में कार्य करेगा। कौशल ही विकसित भारत अभियान को गति प्रदान करेगा। महामहिम राज्यपाल ने भी कौशल को विकसित भारत के लक्ष्य को अर्जित करने की दिशा में सशक्त माध्यम बताया है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने इन्हीं लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए इस बार अपने कैलेंडर का थीम भी विकसित भारत, अमृत काल और भगवान राम चंद्र के आदर्शों पर केंद्रित किया है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि महामहिम राज्यपाल ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कैलेंडर के थीम की सराहना की है। उन्होंने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में कुलाधिपति के रूप में उनकी विशिष्ट अनुकंपा के लिए भी आभार ज्ञापित किया और उन्हें विश्वविद्यालय परिसर आने का निमंत्रण भी दिया।

# भूपेंद्र हुड्डा के कांग्रेस के मुंगेरी लाल के सपने, नही आएगी कांग्रेस सरकार



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा हरियाणा की ओर से थीम पार्क कुरुक्षेत्र में आयोजित स्वामी विवेकानंद युवा महासम्मेलन को सुंदरपुर आउटर बायपास से रोहतक के लोकसभा सांसद डॉक्टर अरविंद शर्मा ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इससे पूर्व स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर भावांजलि अर्पित की। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी पं. लोकेश शर्मा ने बताया कि स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में राज्य स्तरीय स्वामी विवेकानंद युवा महासम्मेलन में रोहतक जिले के तमाम युवा भाजयुमो जिला अध्यक्ष नवीन ढुल के नेतृत्व में भाग लेने के लिए रवाना बसों व निजी वाहनों से रवाना हुए।
सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि कांग्रेस में नेता मुंगेरीलाल के सपने देख रहे हैं आने वाला समय भाजपा का है। इसलिए कांग्रेस के दिन पुराने हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोगों के घर-घर तक पहुंच गई है इसलिए कांग्रेस की किसी यात्रा का प्रभाव जनता पर नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आते ही फिर से पर्ची और खर्ची का मामला शुरू होगा अब युवा ईमानदारी की राह पर चलने वाले हैं और उन युवाओं को अपने रास्ते से भटकने के लिए कांग्रेस इस तरह का प्रोपेगेंडा रच रही है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन ढुल ने कहा कि युवाओं में जोश की कमी नहीं है बस जरूरत को सही जगह प्रयोग करने की। युवाओं में ऐसी शक्ति जो अपने अधिकारों के लिए किसी भी स्तर तक श्रम कर सकते हैं। स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श है आज के युवा को स्वामी विवेकानंद के दिखाए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है ढुल ने युवाओं से कहा कि उठो जागो और तब तक चलते रहो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं को अधिकारों के साथ कर्तव्य का भी पालन करना चाहिए
ये रहे मौजूद: जिला महामंत्री भाजपा आशा शर्मा, सुरेश किराड़, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा ऊषा शर्मा, जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा सतीश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष हरिओम भाली, जिला महामंत्री भाजयुमो इंद्रमोहन, जिला उपाध्यक्ष विकास श्योराण, विवेक बबलू, वीरेंद्र राठी, अमित कलानौर, जिला सचिव योगेश राठी, जिला मीडिया प्रभारी पं. लोकेश शर्मा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमन नागर, अनुज कौशिक, मंडल अध्यक्ष सांपला भूपेंद्र खत्री, मंडल अध्यक्ष कलानौर मुकेश पाराशर, मंडल अध्यक्ष गोकर्ण सचिन पांचाल, दिनेश नेहरा, सिकंदर नरवाल, जय दुआ, आशीष चहल, अखिल ढाका, रेनू चहल, रजनी नागर। पं. लोकेश शर्मा जिला मीडिया प्रभारी, भाजयुमो रोहतक।

# अवनीत कौर स्वच्छता अभियान तथा सुमित जागलान दीवार लेखन संयोजक नियुक्त

**स्वच्छता अभियान**

**8 15 से 22 जनवरी तक भाजपा कार्यकर्ता मंदिरों एवम गुरुद्वारों में स्वच्छता अभियान चलाएंगे।**



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**
आज पूरा देश राम मय है ,पानीपत भाजपा भी पीछे नहीं है उसने भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सप्ताह में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही है ।आज जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने 15 से 22 जनवरी तक चलने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह हेतु स्वच्छता अभियान के लिए निवर्तमान महापौर अवनीत कौर को संयोजक तथा समालखा नगरपालिका अध्यक्ष अशोक कुच्छल तथा सुनील परढाणा को सह संयोजक नियुक्त किया है। 15 से 22 जनवरी तक भाजपा कार्यकर्ता मंदिरों एवम गुरुद्वारों में।स्वच्छता अभियान चलाएंगे।।इसी प्रकार दीवार लेखन हेतु जिला मंत्री सुमित जागलान को मंत्री नियुक्त किया इस पूरे सप्ताह जिले भर में हर बूथ पर दीवार लेखन किया जाएगा । विदित रहे दीवार लेखन राष्टीय अध्यक्ष से लेकर बूथ अध्यक्ष करेंगे । सभी कार्य फिर एक बार मोदी सरकार के सलोगन के साथ दीवार लेखन होगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 13 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## 'अयोध्या का भव्य दीपोत्सव आज राष्ट्रीय उत्सव बन गया'

**'भारत की जो सीमा राम और कृष्ण ने तय की थी वही आज भी है, रैन बसेरा और डॉरमेट्री निषादराज के नाम पर तो भोजनालय माता शबरी के नाम पर होंगे'**

**आस्था**

**दुनिया को विश्व मानवता की आस्था के सम्मान का मार्ग भारत ने दिखाया: सीएम योगी**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम और लीलाधारी भगवान श्री कृष्ण ने भारत की जो सीमा तय की थी वही आज भी है। प्रभु श्री राम ने उत्तर से दक्षिण तो श्रीकृष्ण ने उत्तर से पश्चिम को जोड़ा था। हजारों वर्ष पहले भारत में राजनीतिक इकाइयां भले ही अलग-अलग थीं, लेकिन सांस्कृतिक एकता एक थी। उन्होंने कहा कि दुनिया को विश्व मानवता की आस्था के सम्मान का मार्ग भी भारत ने ही दिखाया। यह हर कालखंड में हुआ है और यही स्थिति अयोध्या के अंदर आज हम सभी को देखने को मिल रही है।

**सबकी आस्था का सम्मान करता है भारत:** सीएम योगी फार्च्यून होटल में 'श्रीरामोत्सव-सबके राम' विषय पर एक मीडिया हाउस द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केरल से निकला एक संन्यासी भारत के चार कोनों में चार पीठों की स्थापना कर देता है। किसी भी राजा रजवाड़े ने उनको रोका नहीं, बल्कि उनका सम्मान किया। कपिलवस्तु का एक राजकुमार सन्यासी बनाकर ज्ञान का उपदेश देता है, उनके लिए सभी राज्यों के राजा-राजवाड़े अपने पलक पावड़े बिछा देते हैं। यह भारत है, जो आस्था का सम्मान करता है।

**अयोध्या में श्रद्धालुओं को होगा सुखद अहसास:** 2017 में प्रारंभ हुआ अयोध्या का भव्य दीपोत्सव आज राष्ट्रीय उत्सव बन चुका है। पिछले वर्ष दीपोत्सव के कार्यक्रम में 54 देशों के राजदूत भागीदार बने थे। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या में 24 घंटे बिजली मिलती है। राम की पैड़ी में लाखों श्रद्धालु एक साथ स्नान कर सकते हैं। राम भजन संध्या स्थल बन चुके हैं। प्रभु श्री राम के नाम पर सबसे ज्यादा भजन गाने वाली सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के नाम पर भव्य स्मारक बन चुका है। अयोध्या में सड़क, रेल और वायु कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। साथ ही हम जलमार्ग से भी अयोध्या को जोड़ रहे हैं। आज अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### श्रद्धालुओं को आपात स्थिति में मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवा

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा आयोजन** के लिए स्वास्थ्य विभाग ने भी कमर कस ली है। आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों के बारे मे अयोध्या सीएमओ डॉ.संजय जैन ने बताया कि विभाग द्वारा आयोजन क्षेत्र के सोलह स्थानों पर श्रीराममंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ मिलकर फर्स्ट एड यूनिट बना रहा है, इस यूनिट में एक डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट व एक वॉर्ड बॉय की मौजूदगी रहेगी। यह फर्स्ट एड यूनिट भीड़ की जगह वाले स्थानों जैसे हनुमान गुफा, साकेत पेट्रोल पंप, कनक भवन, हनुमानगढ़ी आदि स्थानों पर बनाये जाएंगे। इस यूनिट में आवश्यक जरूरी दवाएं नेबुलाइजर, ऑक्सीजन की व्यवस्था रहेगी, इसमें ब्लड शुगर की जांच भी रहेगी। इनके अलावा दो अस्पताल भी बनाये जाएंगे, जिसकी क्षमता 10 व 20 बेड की होगी। इसमें डॉक्टर्स की मौजूदगी रहेगी।

## 'बिहार के विकास के लिए नीतीश का एनडीए में रहना जरूरी'

**साथ मंजूर**

**अगर नीतीश जी एनडीए में आते हैं तो उनका खुले दिल से स्वागत है: नवादा सांसद चंदन कुमार**



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**नवादा के** सांसद तथा लोजपा के वरिष्ठ नेता चंदन कुमार ने कहा है बिहार के विकास के लिए नीतीश कुमार का एनडीए में रहना जरूरी है। अयोध्या में रामलाल के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विपक्ष के नेताओं पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम इन लोगों को सद्बुद्धि दे। दिशा की बैठक के बाद मंथन सभागार में पत्रकारों से बातचीत में लोजपा नेता ने कहा कि बिहार के विकास के लिए एनडीए जरूरी है और इसके लिए नीतीश कुमार का एनडीए में रहना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर नीतीश जी एनडीए में आते हैं तो उनका खुले दिल से स्वागत है।


**'मोदी फिर प्रधानमंत्री बनेंगे'**
चंदन कुमार ने कहा इसकी गारंटी है कि केंद्र में फिर से अपार बहुमत से मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे।

रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विपक्ष के विवाद पर कहा, "अयोध्या में श्रीराम की वानर सेना का पहुंचना शुरू हो गया है और 22 जनवरी को स्वयं श्रीराम आएंगे।" दोनों लोजपा के एकीकरण के सवाल पर चंदन कुमार ने बताया हमारा लोजपा एनडीए में है और चिराग क्या करेंगे वो जानें।

## प्राण प्रतिष्ठा: सेवानिवृत्त सेनाध्यक्षों, कारसेवकों के परिवार को निमंत्रण

**8,000 मेहमान**

**50 से अधिक परंपराओं के साधु संत, कथाकार, मठ-मंदिरों के ट्रस्टी, पुजारी आदि शामिल हैं**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अयोध्या में** 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। इसके साक्षी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत करीब 8,000 मेहमान होंगे। इन मेहमानों की विभिन्न श्रेणियां हैं। जानकारी के मुताबिक, इनमें हुतात्मा कारसेवकों के परिवार के सदस्य, आंदोलन के पुरोधाओं के परिवार के सदस्य, न्यायिक प्रक्रिया में प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों का समूह, 150 से अधिक परंपराओं के साधु संत, कथाकार, मठ-मंदिरों के ट्रस्टी, पुजारी आदि शामिल हैं। इनके अलावा नेपाल से संत समाज के प्रमुख लोग आमंत्रित किए गए हैं। जैन, बौद्ध, सिख समाज के बंधु (भारतीय मत पंथों के प्रतिनिधि) आमंत्रित हैं। प्रमुख दानकर्ता, जनजाति समाज के प्रमुख लोग, घुमंतू जाति तथा अन्य जनजाति के लोग, अनुसूचित समाज के प्रमुख लोग (उदाहरण के लिए अंबेडकर जी, जगजीवन राम जी, कांशीराम जी के परिवार के सदस्य), प्रसिद्ध समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों के प्रमुख व्यक्ति आमंत्रित किए गए हैं। स्वयंसेवी संगठन, नोबल पुरस्कार, भारत रत्न, परमवीर चक्र, पद्म सम्मान इत्यदि से सम्मानित भाई-बहनों को भी आमंत्रित किया गया है। सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय (तीन), तीनों सेनाओं के सेवानिवृत्त सेनाध्यक्ष, पूर्व राजदूत, विभिन्न प्रमुख पदों पर रहे प्रशासनिक, पुलिस सेवा के अधिकारी भी आमंत्रित हैं। इनके अलावा प्रमुख शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी, कवि, कलाकार, साहित्यकार, किसान, मजदूर, खिलाड़ी, प्रमुख राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, अयोध्या जनपद से सभी दलों के स्थानीय जन प्रतिनिधि, उद्योजक, उद्योगपति एवं उद्यमी, इसके अतिरिक्त पचास देशों से भारतीय समाज के 55 लोग आमंत्रित किए गए हैं।

## भगवंत मान मुख्यमंत्री नहीं दुखमंत्री: सुखबीर बादल

**साधा निशाना**

**मुख्यमंत्री भगवंत मान किसी काम के नहीं है। ऐसे लोगों से पंजाब को बचा लीजिए। पंजाब के बुरे हाल है: बादल**



**टीम एक्शन इंडिया/श्री मुक्तसर साहिब**
मुक्तसर में अकाली दल के स्त्री विंग की रैली को संबोधित करते हुए शिअद अध्यक्ष सुखबीर बादल ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनाकर पंजाब के लोगों ने बहुत बड़ी गलती की है। भगवंत मान के रूप में पंजाब के लोगों को मुख्यमंत्री नहीं दुखमंत्री मिला है। भगवंत मान ने कहा था कि सरकार बनने पर पंजाब से नशा पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा।

**पंजाब में पहले से भी ज्यादा बढ़ा नशा:** अब आम आदमी पार्टी के विधायकों और मंत्रियों की शह पर पंजाब में नशा पहले से भी ज्यादा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के मंत्री और विधायकों ने नशा तस्करों से महीने बांध रखे हैं और पुलिस अधिकारियों को कह रखा है कि वह नशा तस्करों को कुछ ना कहें।

**नशे के कारण नौजवान पीढ़ी हो रही बर्बाद:** पंजाब में नशे के कारण नौजवान पीढ़ी बर्बाद हो रही है। सुखबीर बादल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान किसी काम के नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों से पंजाब को बचा लीजिए। पंजाब के बुरे हाल है।

### ग्रेनो प्राधिकरण ने 30 कार्यों के लिए 43 करोड़ के जारी किए टेंडर

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टरों व गांवों में मरम्मत व रखरखाव के कार्यों को और तेज कर दिया है। प्राधिकरण ने 30 कार्यों के लिए लगभग 43 करोड़ रुपये के टेंडर निकाले हैं। एक माह में टेंडर प्रक्रिया को पूरा काम कराने की तैयारी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों व गांवों में विकास व रखरखाव के कार्यों को तेज करने के निर्देष दिए हैं। सीईओ के निदेशों पर अमल करते हुए परियोजना विभाग 30 कार्यों के लिए 43 करोड़ रुपये के टेंडर निकाले हैं।

## 'देश की अर्थव्यवस्था में सीए की अहम भूमिका'

**योगदान**

**सीए अपने वित्तीय ज्ञान, कौशल का उपयोग कर देश के आर्थिक विकास और स्थिरता में महत्ती भूमिका निभा रहे**



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत आज विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसमें देश के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का महत्वपूर्ण योगदान है। देश की अर्थव्यवस्था को गति और दिशा देने में सीए का महत्व सर्वविदित है। जिस तरह चिकित्सक नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, वैसे ही सीए भी देश के आर्थिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं।

मुख्यमंत्री जयपुर में आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस वेदा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने देश-दुनिया से आए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को नववर्ष, युवा दिवस, लोहड़ी एवं मकर सक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सीए अपने वित्तीय ज्ञान और कौशल का उपयोग कर देश के आर्थिक विकास और स्थिरता में महत्ती भूमिका निभा रहे हैं। इस कॉन्फ्रेंस में होने वाला विमर्श राज्य व देशहित में सकारात्मक भूमिका निभाएगा। टेक्नोलॉजी एवं लेखांकन में नए बदलावों से पैदा होने वाली चुनौतियों का सामना करने और आपसी ज्ञान को साझा करनेके लिए ऐसे सम्मेलन बहुत उपयोगी हैं।

उन्होंने कॉन्फ्रेंस प्रतिभागियों से प्रदेश हित में वित्तीय प्रबंधन के रोडमेप से संबंधित सुझाव देने का आव्हान किया।

## बजट 2024 से कॉर्पोरेट आयकर दरों में कमी की उम्मीद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारत में, वर्तमान में, बड़े कॉर्पोरेशंस के लिए कर की दर 25% है, जबकि प्रोपराइटरशिप फर्म के लिए यह दर 33% और पार्टनरशिप फर्मों के लिए 42% है। हम उम्मीद करते हैं कि बजट इस गैप को दूर करेगा और उन्हें 25% की कम कॉर्पोरेट आयकर दर की पेशकश करके एक समान अवसर प्रदान करेगा। भारत में 1 करोड़ से अधिक सक्रिय जीएसटी फर्म हैं, हालांकि देश में लिमिटेड और प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों की संख्या सिर्फ 10 लाख के आसपास है। ऐसे में 90 फीसदी उद्यमों पर ज्यादा टैक्स चुकाने का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। स्वास्थ्य सेवा और कल्याण उद्योग में, हम जीएसटी नियमों को बहुत जटिल पाते हैं क्योंकि विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल और कल्याण उत्पादों के लिए कर स्लैब 18% से 28% हैं, जिससे उपभोक्ताओं पर कर का बोझ बढ़ जाता है। एक अन्य क्षेत्र जिसे बजट २०२४ में सही किया जा सकता है, वह बिल और फाइलिंग में सीजीएसटी और एसजीएसटी के पृथक्करण को समाप्त करना है।

### बाल सुधार गृह से दो नाबालिग फरार, चोरी की बाइक पर घूम रहे थे

**चंडीगढ़।** बाइक चोरी के आरोप में बाल सुधार गृह भेजे गए दो नाबालिग शुक्रवार को वहां से फरार हो गए। दोनों को गुरुवार को ही धनास से काबू किया गया था। दोनों ही धनास के रहने वाले हैं और उनकी उम्र 17 साल है। सेक्टर-11 पुलिस थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है, वहीं पुलिस इनकी तलाश में जुट गई है। सारंगपुर थाने के एएसआई पवन कुमार ने बताया कि वीरवार को पुलिस की एक टीम धनास के सामुदायिक भवन के पास गश्त पर थी।

## धामी सरकार ने नहीं घोषित किए गन्ने के दाम, चीनी मिल-किसान दोनों ही परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/रुड़की**
उत्तराखंड में किसान सरकार की ओर टकटकी लगाए हुए हैं। ये टकटकी गन्ने के दामों को लेकर है। गन्ने के दाम घोषित नहीं होने से चीनी मिल एवं किसान दोनों ही परेशान है। चीनी मिलों का संचालन करना मुश्किल हो गया है। जिले के 100 से अधिक तौल केंद्रों पर 10 दिन से किसान गन्ना लेकर नहीं पहुंचे है। तोल लिपिक हर दिन खाली हाथ लौट रहे हैं।





वहीं किसान संगठन भी सरकार पर निशाना साध रहे हैं।

**चीनी मिलों को कम मिल रहा गन्ना:** इस बार चीनी मिलों को शुरू से ही कम मात्रा में गन्ना मिल रहा है। ि

**रामोत्सव** अयोध्या धाम में रैन बसेरों की संख्या बढ़ाने और जगह-जगह अलाव जलाने के दिये

## राम भक्तों के सत्कार को तैयार योगी सरकार



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
योगी राज में लौटे अयोध्या धाम के पौराणिक वैभव को अपनी आंखों से देखने और उसे अपने मन मस्तिष्क में उतारने के लिए देश ही नहीं विदेश के श्रद्धालु आतुर हैं। वह अपने पूर्वजों से जिस राम राज्य की गाथाओं को सुनते थे, उसके योगी सरकार में वास्तविक स्वरूप को देखने के लिए 22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में योगी सरकार भी उनके स्वागत के लिए पुख्ता इंतजाम कर रही है। श्रद्धालुओं के रहने के लिए होटल से लेकर उनके आवागमन के लिए सुविधाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक समीक्षा बैठक में जिला प्रशासन को अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये थे। सीएम योगी का स्पष्ट निर्देश है कि अयोध्या आने वाले सभी तरह के श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखा जाए। गरीब तबके के श्रद्धालुओं को ठंड और शीतलहर के दृष्टिगत प्रशासन की ओर से रहने की व्यवस्था रैन बसेरों में कराई जाए। इसके लिए रैन बसेरों की संख्या बढ़ाई जाए। साथ ही अयोध्या धाम में जगह-जगह अलाव जलाने की व्यवस्था हो और जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किया जाए। इसके लिए सरकार की ओर से अयोध्या को 10 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि जारी की गई है।

**पहले से व्यवस्थाओं का करें रियल्टी चेक:** राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में अयोध्या धाम आने वाले सभी श्रद्धालुओं की हर जरूरत का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।

